- वंदे भारत में भी डोंगरगढ़ के लिए वेटिंग शुरू, एक्सप्रेस में नहीं मिल रही कन्फर्म सीट
- मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने ट्रेन से लेकर मंदिर तक आस्था का मेला



हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## नवरात्रि पर डोंगरगढ़ के लिए ट्रेनों में दोगुनी भीड़, एक्सप्रेस में भी पैर रखने की जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लाखों की संख्या में लोग रोजाना डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए दर्जन से अधिक ट्रेनों का परिचालन दिनभर में डोंगरगढ़ के ⏭शेष पेज 13 पर

**ट्रेनों में ठसाठस**

रायपुर व आसपास के स्टेशनों से बड़ी संख्या में हर दिन लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। ऐसे में रायपुर से आने-जाने वाली ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों की भीड़ दोगुना से ज्यादा बढ़ गई है। इसे देखते हुए स्टेशन में अलग शिफ्टों में सुरक्षा जवानों को प्लेटफार्म और स्टेशन परिसर में तैनात किया गया है। डोंगरगढ़ मेले के दौरान रायपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ाई गई हैं।

### ट्रेन से रोजाना 50 हजार से अधिक जा रहे डोंगरगढ़

पंचमी में ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को 50 हजार से अधिक यात्रियों ने दर्जन लोकल व एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। डोंगरगढ़ से भी वापसी में यात्रियों को भारी भीड़ का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री कंफर्म सीट के लिए रिजर्वेशन करा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग 80 से 100 के बीच है। वंदे भारत में नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ जाने के लिए काफी यात्री मिल रहे हैं। 500 से अधिक सीटें में 450 सीटें में रोजाना बुकिंग देखने को मिल रही है।



### नवरात्रि विशेष



#### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन ने रायपुर नगर निगम से मांगा था प्रस्ताव, भेजा गया मंजूरी के लिए

# शहर में 98 ऐसे इलाके जहां भर रहा पानी, समाधान पर खर्च होंगे 200 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में बारिश के दिनों में जिन इलाकों में मुसीबत बनी रहती है, वहां की समस्या के समाधान के लिए निगम ने 200 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है। दरअसल, सर्वे में 98 ऐसे स्थान चिन्हिंत किए गए, जहां जलभराव होता है। निगम ने एक वर्ष पूर्व इस संबंध में जोन स्तर पर सर्वे कराया था। उसके बाद संबंधित क्षेत्रों को चिहांकित कर केंद्र को 200 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। इसमें 150 करोड़ की राशि केंद्र से और इसमें राज्य शासन का अंशदान 25 फीसदी यानी 50 करोड़ रहेगा। राष्ट्रीय बाढ़ आपदा प्रबंधन ने रायपुर नगर निगम को पत्र लिखकर जलभराव क्षेत्रों से निजात पाने के लिए प्रस्ताव मांगा था।

दरअसल, भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा रायपुर शहर को जलभराव की समस्या से निराकरण के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान रखते हुए 9 मई 2024 ⏭शेष पेज 13 पर

### देश के प्रमुख 9 शहरों में रायपुर शामिल

शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन के विकास प्रोजेक्ट के लिए देश के 9 चुनिंदा शहरों का चयन भारत शासन के बाढ़ आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा किया गया है। चयनित शहरों के नाम हैं भोपाल, भुवनेश्वर, गौहाटी, जयपुर, कानपुर, त्रिवेंद्रम, पटना, विशाखापटनम और रायपुर। मई में नगर निगम रायपुर ने जलभराव रोकने प्राथमिक आधार पर प्रोजेक्ट बनाकर भेजा है। राशि स्वीकृत होते ही शहर के कौन-कौन से डूबान क्षेत्र हैं, इस पर विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाएगा।

**केंद्र सरकार देगी 150 करोड़ रुपए, राज्य सरकार का अंशदान 25 फीसदी प्रस्तावित**



#### जलभराव से मिलेगी निजात

बारिश के दौरान जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने राष्ट्रीय बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत 200 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कर भेजा गया है। राशि प्राप्त होते ही डूबान क्षेत्रों के लिए विशेषज्ञों की मदद से कार्ययोजना बनाकर कार्य कराया जाएगा। - **एजाज ढेबर,** महापौर, रायपुर ननि

#### ड्रेनेज सिस्टम मजबूत होगा

इस प्रोजेक्ट में नालों के आसपास कब्जा हटाने, कच्चे नाले को पक्का करने और शहर के अंदर जलभराव रोकने ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत बनाया जाएगा। नाले का केचमेंट एरिया बढ़ाने के अलावा डक्ट बनाया जाना शामिल है। - **श्रीकुमार मेनन,** अध्यक्ष, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, ननि

### शहर में मौसम के दो रंग, कहीं तेज बारिश तो कहीं सूखे जैसे हालात

- प्रभावित इलाकों की सड़कों में भरा पानी, बादल भी जमकर गरजे

रायपुर। लगातार उमस भरी गर्मी की मार झेल रहे लोगों ने मंगलवार को शहर में दो तरह के मौसम का मजा लिया। दोपहर होने के बाद शहर के कई इलाकों में इतनी तेज बारिश हुई है कि सड़कों में पानी भर गया। कुछ इलाकों में बादल केवल गरजकर शांत हो गए और वहां सूखे की स्थिति रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और स्थानीय प्रभाव से शहर में मौसम के दो रंग नजर आए। प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाला कोई नया सिस्टम है। होने वाली बारिश की एकमात्र वजह बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी है। दो दिन से शहर में बादल छाए हुए हैं, जिसने मंगलवार को दोपहर अपना असर दिखाया। दोपहर होने के बाद अचानक ⏭शेष पेज 13 पर

### नियमितीकरण समिति की बैठक आज, शहर में अवैध निर्माण के 5 हजार प्रकरण लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में दोपहर 12 से कलेक्टोरेट में बैठक
- आउटर स्थित जोन में सबसे ज्यादा आवेदन
- 7 माह बाद हो रही समिति की बैठक

जिला नियमितमीकरण प्राधिकारी समिति की बैठक 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित है। इसमें नगर निगम के 10 जोन से प्राप्त 5 हजार लंबित प्रकरण विचार के लिए रखे जाएंगे। समिति की यह 10 वीं बैठक है, जो कि 7 माह के अंतराल बाद हो रही है। 15 मार्च 2024 में पिछली बार नियमितीकरण जांच समिति की बैठक हुई, इसमें केवल 85 प्रकरणों पर नियमितीकरण की मंजूरी मिली। ऐसे में अब आवेदकों की नजर 9 अक्टूबर को होने वाली बैठक पर टिकी हुई है।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में अवैध निर्माण को नियमित कराने 1 साल पूर्व 10 जोन के 70 वार्डों से 11 हजार आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों के दस्तावेज पड़ताल के बाद जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति ने अब तक 9 बार बैठक लेकर 6 हजार अवैध निर्माण नियमितीकरण के आवेदनों का निराकरण किया। जबकि ⏭शेष पेज 13 पर

#### नियमितीकरण नहीं होने से नक्शा पास कराने में दिक्कत

1 साल पूर्व शहर भर से हजारों आवेदकों ने संबंधित जोन में अवैध निर्माण को नियमित कराने आवेदन किया, पर नियमितीकरण संबंधी बैठक नियमित रूप से नहीं होने के कारण कई आवेदकों के आवेदन लंबित हैं। इससे इन्हें नक्शा पास कराने में दिक्कत आ रही है। साथ ही बैंक लोन नहीं मिल रहा है। यही नहीं नियमितीकरण नहीं होने से संबंधित निर्माण को क्रय-विक्रय करने में परेशानी हो रही है।

## ओपीडी का मरीज आईसीयू में, राजधानी का निजी अस्पताल सस्पेंड, 31.32 लाख जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आयुष्मान योजना में गड़बड़ी राजधानी के अस्पताल पर फाइन


आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत बीमारियों के अनावश्यक पैकेज ब्लाक कर अतिरिक्त राशि कमाने का लालच निजी अस्पताल नहीं छोड़ पा रहे हैं। ओपीडी के मरीज को बेहद गंभीर बताकर उसे आईसीयू में भर्ती करने के मामले में राजधानी के जय अंबे मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल पर 31.32 लाख का जुर्माना किया गया है।

#### आरंग का बाबूजी केयर और डौंडी का समता हास्पिटल बर्खास्त

इसी तरह योजना में अनावश्यक पैकेज ब्लाक करने के मामले में आरंग के बाबूजी केयर हास्पिटल तथा डौंडी लोहारा के समता हास्पिटल को भी योजना से तीन माह के लिए निलंबित किया गया है।

### श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्म 17.12.1942

निर्वाण 30.09.2024

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

**कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| दशगात्र | : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में) |
| तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज | : **13 अक्टूबर 2024, रविवार** |
| स्थान | : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर |
| समय | : दोपहर 1 से 5 बजे तक |

**शोकाकुल**

श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई), सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार

**नोटः** जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।

### सट्टा-पट्टी लिखते धरा गया सटोरिया



रायपुर। गोबरा नवापारा क्षेत्र में जुआ एक्ट के तहत एक सटोरिए के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को प्रिंस निर्मलकर निवासी बढ़ईपारा नवापारा को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत तहत अपराध पंजीबद्ध कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

रायपुर। विधानसभा क्षेत्र में सड़क हादसे में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना 7 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे की है। बताया गया कि मृतक नेतराम धीवर तुलसी बाराडेरा का निवासी था। घटना के समय वह साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध 281, 125ए, 106-1 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



# सरेंडर हुए 21 अहातों का टेंडर कल खुलेगा, इस बार 6 महीने के लिए बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*रायपुर जिले में ठेकेदारों द्वारा सरेंडर किए गए 21 अहातों का टेंडर 10 अक्टूबर को दोबारा खोला जाएगा। इसके लिए 7 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। हालांकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के 6 महीने खत्म हो चुके हैं, इसलिए इन अहातों को अब सिर्फ 6 महीने के ठेके पर दिया जाएगा। पिछली बार हुए टेंडर के दौरान विभाग द्वारा निर्धारित राशि की तुलना में लोगों ने बढ़-चढ़कर ऊंची बोली लगाई थी, जिसके कारण अहाते तय बोली से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर गए थे। यही कारण है कि ठेकेदारों को बाद में अहाता लेना घाटे का सौदा लगने लगा था, क्योंकि अहाता से होने वाली कमाई से लागत राशि भी निकलना मुश्किल हो गया था।*

हरिभूमि फॉलोअप

## इन अहातों के लिए खुलेगा टेंडर

- देशी गंजपारा कम्पोजिट
- देशी मोवा पंडरी
- देशी कम्पोजिट नेवरा
- देशी खरोरा
- देशी आरंग
- विदेशी सिलतरा
- कम्पोजिट गुल्लू
- विदेशी कुर्रा गुढ़ियारी
- देशी कम्पोजिट ग्राम टंडवा बैकुंठ
- देशी कम्पोजिट लखौली
- विदेशी लालपुर
- देशी रिंग रोड नं.2
- विदेशी जीई रोड
- विदेशी रायपुरा
- विदेशी सरोना मार्ग रायपुरा
- देशी सिलतरा
- विदेशी खरोरा
- विदेशी मंदिर हसौद
- विदेशी डूमरतराई पचपेड़ी नाका
- देशी कम्पोजिट उरला रायपुर
- देशी मदिरा माना

## 6 महीने का ठेका इसलिए कीमत भी कम

*विभाग ने पिछले बार 11 महीने के लिए अहाता का टेंडर निकाला था। इस बार 6 वित्तीय वर्ष के 6 महीने बीत चुके है, इसलिए अब 6 महीने के लिए टेंडर निकाला गया है। महीना कम होने के कारण विभाग ने महीने के हिसाब से टेंडर की राशि भी कम कर दी गई है। इसके अनुसार ही आवेदक बोली लगाएंगे। हालांकि पिछले बार महंगे में अहाता खरीदने की जो गलती ठेकेदारों ने की थी उससे सबक लेते हुए इस बार लोग निर्धारित बोली से ज्यादा कीमत लगाने से बचेंगे।*

## 6 महीने के लिए टेंडर

6 महीने के लिए सरेंडर 21 अहातों का रीटेंडर निकाला गया है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 7 अक्टूबर तक मंगाए गए थे। 10 तारीख को टेंडर ओपन किया जाएगा। जिसकी बोली सबसे अधिक होगी, उसे ठेका मिलेगा।

- विकास गोस्वामी
उपायुक्त
आबकारी विभाग रायपुर

## 94 लाख 47 हजार में गया था 31 लाख 15 हजार का गंजपारा अहाता

रायपुर शहर का गंजपारा स्थित देशी कम्पोजिट अहाता का विभाग ने 31 लाख 15 हजार रुपए तय किया था जो बोली के बाद 94 लाख 47 हजार रुपए में गया था। यह अहाता जिले में सबसे महंगा बिका था। इसी तरह अन्य अहाते भी तय बोली से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर गए थे। ठेकेदारों ने अहाता महंगा तो ले लिया, लेकिन जब अहाता संचालन से कमाई शुरू हुई तो उसे देखकर ठेकेदारों के पसीने छूटने लगे। ठेकेदारों ने अनुमान लगाया था कि अहाता से उन्हें लागत से दो से तीन गुना कमाई होगी, लेकिन जब अहाता के प्रतिदिन की कमाई आने लगी तो ठेकेदारों को अहसास होने लगा कि उन्होंने महंगा आहत खरीदकर बड़ी गलती कर दी है।

## खबर संक्षेप

### वनमंत्री के ओएसडी बने काण्डे

**रायपुर।** प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित केएन काण्डे को वन एवं जलसंसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहकारिता विभाग के जारी आदेश के तहत श्री काण्डे को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ वन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री के निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 25 सौ वर्गफीट में बनेगा महतारी सदन, 179 की स्वीकृति



**रायपुर।** प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामाजिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रयास से 179 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री श्रीशर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकिल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि 29.20 लाख रुपए होगी। उक्त कार्य महतारी सदन योजना के बजट से 24.70 लाख तथा स्वच्छ भारत मिशन के बजट से 4.50 लाख के अभिसरण से किया जाएगा।

### तक्षशिला लाइब्रेरी में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी का लिया स्वाद

# लाइब्रेरी, बीपीओ और इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं के बीच पहुंचे डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के कार्यों का निरीक्षण किया। वे घड़ी चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ सेंटर, मोतीबाग के पास तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन पहुंचे। बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने फरा चटनी का स्वाद लिया। मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर में युवाओं से मिलकर उनकी पढ़ाई-लिखाई का हाल पूछा। ट्रैफिक नियंत्रण और सर्विलेंस के लिए स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमॉन्ड सेंटर तथा भाठागांव बसस्टैंड में विकसित किए जा रहे को-वर्किंग प्लेस का भी निरीक्षण किया।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने राजधानी की मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित बीपीओ सेंटर भ्रमण के दौरान वहां प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मुलाकात की। इस दौरान श्री साव ने बीपीओ में काम कर रहे युवाओं से कार्य अनुभव और करियर के बारे में पूछा। मंत्री अरुण साव ने हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए संचालित कोचिंग-क्लास का अवलोकन किया। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की मौजूदगी में 10 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

### तक्षशिला में कैंटीन की व्यवस्था देखी

श्री साव ने तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन और लाइब्रेरी का भ्रमण कर विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाइब्रेरी में संस्कृति स्वसहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन की व्यवस्था देखी। यही नहीं कैंटीन में बच्चों के साथ बैठकर फरा-चटनी, सैंडविच और कुल्हड़ में चाय का स्वाद भी लिया। इस दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि, रूचियों, करियर और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। श्री साव ने जयस्तंभ चौक के पास मल्टी-लेवल पार्किंग में संचालित इनक्यूबेशन सेंटर 'आरंभ' का भी अवलोकन किया। वे यहां ई-कॉमर्स, स्टार्ट-अप और ई-मार्केटिंग का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से मिलकर उनके कार्यों से अवगत हुए।

# हरियाणा की जीत पर भाजपा ने जलेबी खाकर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी पर राजधानी में भाजपा नेताओं ने जबर्दस्त जश्न मनाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर और एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य और जयघोष करके विजय जुलूस निकाला। भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को जलेबी खिलाखर भी जीत का जश्न मनाया। भाजपा नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन को भाजपा के प्रति बढ़ते जन विश्वास का परिचायक बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने हरियाणा के चुनाव नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता-जनार्दन ने भाजपा के प्रति अपना अगाध विश्वास व्यक्त किया है। एक्जिट पोल को लेकर अति उत्साही कांग्रेसियों को हरियाणा के एक्जेक्ट पोल ने आईना दिखा दिया है। इन नतीजों के जरिए हरियाणा ने कांग्रेस के संविधान और आरक्षण को लेकर दोहरे राजनीतिक चरित्र पर सीधी चोट की है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने हरियाणा की जनता के हम आभारी हैं कि उसने प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर विश्वास किया, जिसकी वजह से हरियाणा में कुशासन, अन्याय, अत्याचार, आतंक और भ्रष्टाचार के कांग्रेसी मंसूबे धराशायी हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हरियाणा के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर हरियाणा समेत देश की जनता को बधाई देते हुए कहा, हरियाणा के हर वर्ग में कांग्रेस के प्रति भारी अविश्वास है, जिसका असर चुनाव परिणाम में दिखा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, जातिवाद और साम्प्रदायिक तुष्टीकरण का जहर फैलाने में लगी कांग्रेस ने जिस दोहरे राजनीतिक चरित्र का प्रदर्शन करके देश को अराजकता की दिशा में धकेलने का जो षड्यंत्र रचा था, हरियाणा की जनता ने उसका करारा जवाब कांग्रेस को दे दिया है।

# सौरभ बोले- ठगी का भगोड़ा घोषित आरोपी से अपने रिश्तों का खुलासा करें भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा, कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी ठगी के आरोपित के भगोड़ा घोषित होने के मद्देनजर श्री सिंह ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को उक्त आरोपी से अपने रिश्तों को सार्वजनिक करना चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में न केवल प्रदेश के खजाने में डाका डाला गया, हजारों करोड़ रुपए के घपले-घोटाले करके प्रदेश की जनता का हक मारा गया, बल्कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को राजनीतिक संरक्षण देकर लूट मचाने की खुली छूट दी गई। श्री सिंह ने कहा, 15 करोड़ रुपए की ठगी करके और उसका पुत्र फरार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का इस ठग के साथ क्या रिश्ता था, यह जानने का अधिकार पूरे प्रदेश को है, क्योंकि ठगी का यह आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के लिए विशेष पूजा-पाठ करता था और इसी कारण बघेल का अक्सर उसके बिलासपुर स्थित निवास में आना-जाना लगा रहता था। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के अलावा सरकार से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण लोगों के संपर्क में भी वह था। भगोड़ा घोषित पर 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है।

# संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में कुप्रशासन अव्यवस्था, सालभर लागू रहेगी धारा 52

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के क्रियाकलापों में कुप्रशासन अव्यवस्था, आंतरिक विवाद एवं समन्यवय के अभाव में स्वस्थ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक वातावरण का अभाव पाया गया है। यही नहीं जन साधारण एवं छात्रों की दृष्टि में विश्वविद्यालय के प्रति विश्वसनीयता में गिरावट आई है। यह मानना है राज्य सरकार का। इसी वजह से इस विश्वविद्यालय में सरकार ने एक साल के लिए धारा 52 लगा दी है। इस विश्वविद्यालय में कुलपति एवं कुलसचिव भी विवादित हुए थे, उन्हें भी कुछ समय पर सरकार ने हटाया था। इस संबंध में राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि विश्वविद्यालय में ऐसी परिस्थिति निर्मित हो गई है जिससे संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का प्रशासन उक्त विश्वविद्यालय के हितों के अपाय किए गए बिना, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम 1972 की धाराओं के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता और यह कि ऐसा करना विश्व विद्यालय के हितों के समीचीन है।



# मेडिकल की डगर कठिन, 655 तक गया रायपुर में यूआर का स्कोर, कांकेर में 596 अंकों पर अंतिम एडमिशन

## पिछले साल की तुलना में बढ़ी प्रतिस्पर्धा, विद्यार्थियों को जुटाने पड़े 66 नंबर अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले साल की तुलना में इस बार मेडिकल कालेज में एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थियों को कुछ ज्यादा ही मेहनत करनी पड़ी। 720 अंक की प्रवेश परीक्षा में 655 अंक प्राप्त करने वाले अनारक्षित वर्ग के छात्र को ही रायपुर मेडिकल कालेज में सीट मिल सकी। शासकीय कालेज में अंतिम एडमिशन 596 अंकों पर कांकेर कालेज में हुआ। पिछले साल की तुलना में इस बार एडमिशन के लिए 66 नंबर ज्यादा लाने पड़े। यूआर के साथ ओबीसी सहित अन्य वर्ग को भी सरकारी कालेज में एडमिशन पाने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ी।

राज्य के छह शासकीय कालेजों में राज्य कोटे की निर्धारित सीटों पर एडमिशन हो चुका है। चार कालेजों में कुल पांच सीटें खाली है, जिसमें प्रवेश मॉपअप के साथ पूरा होगा। इस बार नीट में प्राप्तांक बढ़ने की वजह से काउंसिलिंग शुरू होने के पहले एडमिशन के लिए ज्यादा मेहनत करने वालों को सफलता मिलने का अनुमान विशेषज्ञों ने लगाया था। दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के बाद यह अनुमान पूरी तरह सही साबित हुआ। वर्ष 2023 की तुलना में इस बार नीट में 66 अंक ज्यादा लाने वाले को शासकीय मेडिकल कालेज में स्थान मिल पाया है। मेडिकल की पढ़ाई के लिए छात्रों के बीच आकर्षण का केंद्र रहने वाले शासकीय कालेज रायपुर में पिछले साल की तुलना में इस बार अंतिम सीट पर एडमिशन के लिए 44 अंक का अंतर नजर आया है। रायपुर कालेज में नीट में 655 अंक का स्कोर बनाने वाले को स्थान मिल पाया वहीं शासकीय कालेज कांकेर में न्यूनतम 596 अंक लाने वाले यूआर केटेगरी के विद्यार्थी ही अपनी जगह बना पाए।

### ओबीसी का स्कोर 645

अनारक्षित वर्ग के साथ ओबीसी केटेगरी की सीट प्राप्त करने के लिए भी इस वर्ग के विद्यार्थियों को भी खासी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। रायपुर में ओबीसी का अंतिम स्कोर 654 रहा और एसटी वर्ग के विद्यार्थी के 572 अंक अर्जित करने वाले को अंतिम सीट मिल पाई। एसटी कोटे में 461 अंक लाने वाले ही जीएमसी रायपुर में सीट के हकदार बन सके।



### मॉपअप राउंड के लिए संस्था चयन आज से

दूसरे राउंड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमबीबीएस और बीडीएस एडमिशन में पूर्व में किए गए संस्था चयन स्वतः शून्य हो गया है। मॉपअप राउंड में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को यह प्रक्रिया फिर से पूरी करनी होगी। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 9 से 13 अक्टूबर का वक्त तय किया है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद पूर्व में तय शेड्यूल के अनुसार 15 अक्टूबर को सीट अलॉटमेंट कर सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 16 से 21 अक्टूबर तक स्क्रूटनी और एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सरकारी कालेज में अनारक्षित वर्ग का कटऑफ

| कालेज | इस बार | पिछली बार |
|---|---|---|
| रायपुर | 655 | 611 |
| बिलासपुर | 645 | 592 |
| नांदगांव | 635 | 561 |
| जगदलपुर | 647 | 571 |
| रायगढ़ | 622 | 564 |
| अंबिकापुर | 611 | 557 |
| दुर्ग | 609 | 548 |
| कांकेर | 596 | 530 |
| कोरबा | 597 | 536 |
| महासमुंद | 597 | 533 |

## सहकार से समृद्धि विषय पर आज कार्यशाला

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप 9 अक्टूबर को 'सहकार से समृद्धि' विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यशाला पूर्वान्ह 10 बजे से सिविल लाइंस रायपुर स्थित न्यू-सर्किट हाउस, मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित है। इस अवसर पर विभागीय समीक्षा बैठक भी होगी। कार्यशाला में केंद्र सरकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'सहकार से समृद्धि' विषय पर की गई पहल के अंतर्गत राज्य में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की राज्यस्तर पर समीक्षा की जाएगी।

## निधन

### सुरेश तिवारी



रायपुर। सुंदर नगर निवासी सेवानिवृत्त उपायुक्त जीएसटी सुरेश तिवारी भैसमुड़ी वाले (68) का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को सुबह 9 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे बीना तिवारी के पति, सुयश, सौम्या, हर्षा के पिता थे।

### रूपेश धार्मिक



रायपुर। रायपुर निवासी अधिवक्ता रूपेश धार्मिक का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे मधुकर राव धार्मिक के पुत्र, भारती धार्मिक की पति, ईशा व दिशा के पिता थे।

### लिंडा इमानुएल



रायपुर। रायपुर निवासी लिंडा इमानुएल का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे टिकरापारा कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे जे. इमानुएल की पत्नी थीं।

### बहादुर सिंह पाल



रायपुर। टिकरापारा नंदी चौक निवासी बहादुर सिंह पाल (72) का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे चतुरराम पाल के भाई और दीपक, लव पाल के पिता थे।

## रेकी के बाद बनाते थे योजना

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के मास्टर माइंड सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ कुशाभाऊ ठाकरे एवं श्रीराम हेरिटेज कालोनी के सूने मकानों में दिया था वारदात को अंजाम

रेकी करने के बाद योजना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के मास्टर माइंड सहित दो लोगों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने सितंबर में शहर के कुशाभाउ ठाकरे एवं श्रीराम हेरीटेज कटोरा तालाब कालोनी के सूने दो मकानों में वारदात को अंजाम देकर नकदी, सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की सामग्री के साथ 1 पिस्टल, 3 जिंदा कारतूस, 2 मैग्जीन, चाकू-कटर सहित वारदात में प्रयोग की गई स्कूटी और कार जब्त की है।

सिविल लाइंस स्थित पुलिस कंट्रोलरूम में चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सिविल लाइंस थाना में प्रार्थी हनुमान प्रसाद दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका श्रीराम हेरीटेज कटोरा तालाब में मकान है। 28 सितंबर को वह घर पर ताला लगाकर बाहर गया हुआ था। शाम को घर की नौकरानी की सूचना पर जब वह घर पहुंचा, तो घर का कुंदा टूटा हुआ था और उसके घर की अलामारी में रखे 1 लाख 82 रुपए चोरी हो गए थे। इस दौरान चोर उसके पड़ोसी सुरेश बिजलानी के घर का भी ताला तोड़कर सोना चांदी एवं डायमंड के जेवरात कीमत करीब साढ़े 3 लाख रुपए चोरी कर ले गए।



### सीसीटीवी फूटेज से मिले सुराग

पुलिस को जांच के दौरान सीसीटीवी के फूटेजों के आधार पर आरोपियों का सुराग मिला। इस वारदात को अंजाम देने आरोपी स्कूटी से पहुंचे थे। स्कूटी का आखिरी फूटेज धमतरी में मिला। इसके बाद पुलिस ने इस वारदात के मास्टर माइंड किरन बबन पाटिल निवासी ग्राम छाती कुरुद को पकड़ा। यह आरोपी मूलतः कुमाठे तासगांव थाना कोल्हापुर सांगली पुणे महाराष्ट्र का रहने वाला है, जो पिछले कई माह से अपनी पत्नी के साथ यहां रह रहा था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि इस चोरी के लिए उसने अपने साथी संदीप लक्ष्मण भोसले 36 वर्ष निवासी वस्तु फारेस्ट हाउसिंग सोसाइटी पुणे को बुलाया था। दोनों ने पहले रेकी की। इसके बाद योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया।

# राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्डों का होगा डिजिटलाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ रायपुर जिले की प्रभारी सचिव निहारिका बारीक ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकॉर्ड को हमेशा के लिए सुरक्षित करने के लिए अब उनका डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। रायपुर जिले की प्रभारी सचिव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव निहारिका बारीक ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में विभाग की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने राजस्व अभिलेखों के पुराने रिकार्ड को डिजिटलाइजेशन कराने के साथ लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### नशा मुक्ति केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने दिए निर्देश

प्रभारी सचिव ने बच्चों और युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलाने नशा मुक्ति केंद्र में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने तथा बेहतर काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीएफओ लोकेश पटेल, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना रोकने आवारा मवेशियों के रंगे जाएंगे सींग

प्रभारी सचिव ने बैठक में जिले के मुख्य मार्गों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों की वजह से होने वाले दुर्घटना को रोकने के लिए पशुधन विभाग को आवारा मवेशियों के सींग में गुणवत्तायुक्त रंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे वाहन चालकों को रात के अंधेरे में दूर से ही सड़कों पर बैठे मवेशी नजर आएंगे, जिससे दुर्घटनाएं भी नहीं होगी। उन्होंने मवेशियों के बैठने के लिए चबूतरा बनाने तथा गांवों में चौपाल लगाकर मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

# महादेव सट्टा एप : 4 आरोपियों के विरुद्ध पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बहुचर्चित महादेव सट्टा एप्प मामले में जेल में बंद सहदेव सिंह यादव, भारत ज्योति उर्फ भास्कर, विश्वजीत राय चौधरी एवं अतुल सिंह के विरुद्ध मंगलवार को ईओडब्ल्यू ने विशेष न्यायालय में पूरक चालान पेश किया है। ब्यूरो की टीम ने इन चारों को बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य से गिरफ्तार किया था।

***इन धाराओं के तहत चालान पेश :*** ब्यूरो ने चारों आरोपियों के विरुद्ध पूरक चालान पेश किया है। इन सभी के विरुद्ध कई धाराएं लगाई गई हैं। इसके तहत भा.द.वि. की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471 एवं 201, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथासंशोधित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018) की धारा 7 एवं 7 ए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 4, 7, 8 एवं 11 एवं सार्वजनिक द्युत अधिनियम, 1867 (यथासंशोधित सार्वजनिक द्यूत (म.प्र. संशोधन) अधिनियम, 1976) की धारा 4क के अंतर्गत विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) रायपुर में पूरक अभियोग पत्र आज पेश किया गया है।



## एम्स की डाक्टर ने जीती जयपुर में गायन स्पर्धा

रायपुर। एम्स के सूक्ष्मजीवविज्ञान की सहायक प्रोफेसर, डॉ. माधवी ने वॉयस ऑफ डॉक्टर्स (वीओडी) सीजन 2 में डुएट सिंगिंग प्रतियोगिता जीतकर एक शानदार उपलब्धि हासिल की। यह डॉक्टरों के लिए आयोजित एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की गायन प्रतियोगिता है। जयपुर में आयोजित इस स्पर्धा में पूरे देश से सात हजार डाक्टर शामिल हुए। प्रारंभिक ऑनलाइन राउंड में, उन्होंने छत्तीसगढ़ से सोलो गायन में प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। फाइनल राउंड 27 से 29 सितंबर के बीच जयपुर, राजस्थान में लाइव आयोजित किए गए, जहाँ डॉ. मडके ने अपने डुएट पार्टनर, डॉ. महेश चौधरी (मुंबई, महाराष्ट्र) के साथ मिलकर डुएट श्रेणी में जीत हासिल की।

## चंद्रभूषण फिर बने उत्तर भारत समाज के अध्यक्ष



रायपुर। उत्तर भारत समाज कल्याण समिति टाटीबंध हीरापुर में चुनाव की प्रक्रिया में कांटे की टक्कर के साथ उत्तर भारतीय सदस्यों ने अपने बहुमूल्य मतों से चंद्रभूषण शर्मा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए पुनः जीत दिलाई। सुबह से ही चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। श्री शर्मा ने अध्यक्ष पद के कार्यकाल में छठ पूजा के साथ भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण चुईयां तालाब में कराया है।

### आम सूचना

**(ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 108/37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. भूमि जिसका खसरा नंबर 612/92 रकबा 0.050 हे० याने 5500 वर्गफुट भूमि के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण क्रमशः श्रीमती अर्चना धोतरे पति स्व. हरीश धोतरे, मल्हार धोतरे विनायक धोतरे दोनों पिता स्व. हरीश धोतरे सभी निवासी ग्राम शंकरनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संयुक्त हक, हित, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 108/37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 612/92 रकबा 0.050 हे. याने 5500 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर टोकन ब्याना कर लिया गया है। मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय संस्था, अर्द्धशासकीय शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेंगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 08/10/2024

**एन.के. पटेल, आशीष तिवारी (अधिवक्तागण)**
हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर टिकरापारा रायपुर
मो. नंबर 8319582060, 9425510595

### न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम चपरीड

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रामकुमार साहू पिता श्री सुखराम साहू ग्राम चपरीड तहसील, आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री धनेश्वरी साहू को जन्म दिनांक 06/11/1994 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म / मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 21/10/2024 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)
**तहसीलदार आरंग**

## पेज 11 के शेष ...

### नवरात्रि पर डोंगरगढ़ ...

लिए किया है। इसके बावजूद भीड़ कम नहीं हो रही है। आलम ये है कि ट्रेन से डोंगरगढ़ जाने के लिए यात्रियों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। माता के दर्शन के लिए भीड़ में धक्के खाते हुए लोग सफर करने को मजबूर है। स्टेशन पर सुबह 7 से लेकर रात 9 बजे तक हर एक से दो घंटे के बीच में यात्रियों को डोंगरगढ़ के लिए ट्रेन की सुविधा मिल रही है। हरिभूमि ने मंगलवार को लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों का जायजा लिया। जल्दी पहुंचने के लिए ज्यादातर यात्री लोकल के बजाय एक्सप्रेस से डोंगरगढ़ जाना चाहते हैं। इस वजह जिन ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ दिया गया है, उनमें इन दिनों भारी भीड़ है। जनशताब्दी, शिवनाथ, आजाद हिंद समेत हावड़ा-अहमदाबाद में मेले के सामान भीड़ देखने को मिली। रायपुर में एक ट्रेन में एक साथ 150 से 200 यात्री डोंगरगढ़ के लिए चढ़ रहे हैं। स्टेशन में लोकल ट्रेनों के 10 हजार से अधिक टिकट बिक रहे हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों की संख्या भी हजारों में है।

### शहर में 98 ऐसे...

को पत्र के माध्यम से प्रस्ताव मांगा। इसी परिपेक्ष्य में प्रारंभिक तौर प्रस्ताव तैयार कर केंद्र को भेजा गया है। **जलभराव के लिए इन इलाकों को किया चिन्हांकित** 0 मोवा अंडरब्रिज से जब्बार नाला वाला क्षेत्र 0 शंकरनगर वार्ड का अशोका टावर इलाका, आनंद नगर के पास मौली पारा, राजातालाब क्षेत्र 0 चूड़ीलाइन गोलबाजार - दुकानों में भरता है बारिश का पानी 0 कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के आसपास का क्षेत्र, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर एरिया, हनुमान नगर, प्रयाग नगर प्रियदर्शिनी नगर, व्हाइट वुड इटालिया के सामने 0 उद्योग भवन से तेलीबांधा ब्रिज तक, गोकुलनगर, अक्षत विहार, शाश्वत नगर 0 बूढ़ेश्वर मंदिर से एमआर रोड ब्रम्हपुरी तक, एनआईटी के सामने वाला क्षेत्र 0 समता-चौबे कालोनी मुख्य मार्ग से कृष्णा टाकीज मोड़ तक 0 भाठागांव में आछी तालाब अंतिम छोर से मुख्य नाला तक 0 पीहर मैरिज पैलेस से खारुन नदी के समीप एसटीपी आउटलेट तक 0 भाठागांव काठाडीह मुख्य मार्ग से नदी के पास स्थित एसटीपी तक 0 दलदल सिवनी द्वारिका विहार, दयानगर, अवनिविहार, मोवा की दुबे कालोनी 0 लभांडी बस्ती, सांई नगर जोरा,तेलीबांधा थाना के सामने 0 विधायक विश्राम गृह के पास 0 मेडिसाइन हास्पीटल से महात्मा गांधी नगर तक। इसके अलावा जलभराव प्रभावित अन्य क्षेत्र जोन स्तर पर चिंहाकित किए गए हैं।

### शहर में मौसम के...

बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हुई और कुछ देर बाद शहर में मौसम का अजीब नजारा देखने को मिला। फाफाडीह इलाके से शुरू हुई बारिश का प्रभाव कालीबाड़ी तक रहा, मगर टिकरापारा से आगे बूंदाबांदी भी नहीं हो रही थी। माना, सड्डू, मोवा क्षेत्र में वर्षा हुई, मगर खमतराई इलाका इससे अछूता रहा है। प्रभावित इलाकों में दस मिनट से आधे घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे सड़कों में पानी भरने की स्थिति आ गई थी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार भले ही बारिश का असर व्यापक नहीं रहा हो, मगर इसने उमस भरी स्थिति से राहत दिला दी है। अगले दो दिन नमी के असर से प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश होने के आसार हैं, इसके बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### नियमितीकरण समिति...

करीबन 5 हजार आवेदन लंबित हैं। अवैध निर्माण को नियमित कराने सबसे ज्यादा आवेदन जोन 10 के 7 वार्डों से प्राप्त हुए हैं। इनकी संख्या 1 हजार के करीब है। वहीं महोबाबाजार स्थित जोन 8 से मिले 800 प्रकरण लंबित हैं।






## कोमल गांधार का मंचन आज रंग मंदिर में

**रायपुर।** हिन्दी नाट्य संस्था अग्रगामी नाट्य समिति द्वारा बुधवार को निर्देशक नाटक 'कोमल गांधार' का मंचन किया जाना है। इसे गांधी चौक स्थित रंगमंदिर में मंचन किया जाना है। शाम 7 बजे आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है। यह नाटक मुख्य रूप से महाभारत पर अधारित है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद लुनावत व निर्देशक जलील रिजवी उपस्थित रहेंगे। नाट्य प्रेमी बड़ी संख्या में मंचन देखने शामिल होंगे।

# तत्पर-बीआरटीएस की साढ़े चार साल बाद बढ़ीं 3 बसें, फिर भी 30 में 16 ही चल रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर से नवा रायपुर के मध्य यात्रियों को सुविधा देने के लिए एनआरडीए द्वारा तत्पर-बीआरटीएस अंतर्गत लाल रंग की एसीयुक्त सिटी बसें चलाई जा रही हैं। इन बसों में साढ़े चार साल के बाद 3 बसों की वृद्धि की गई है, जिससे यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन जानकर हैरानी होगी कि इस रूट पर 30 बसों के संचालन का टेंडर हुआ था, इसके तहत बसों की खरीदी भी की गई थी। शुरुआती कुछ वर्षों तक इस रूट में 30 बसों का संचालन भी किया जा रहा था, जिससे यात्रियों को हर 15 मिनट के अंदर बस हर स्टॉपेज पर मिल जाती थी, लेकिन मार्च 2020 के बाद से इस रूट पर सिर्फ 13 बसें ही संचालित की जा रही थीं, जिससे यात्रियों को आधे घंटे में बस मिल पा रही है। इसके कारण यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बसों में सीटों की क्षमता से ज्यादा यात्रियों को चढ़ाया जा रहा था, जिससे कईयों को खड़े होकर सफर करना पड़ता था। तत्पर-बीआरटीएस के कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि शहर में पिछले साढ़े चार साल से 13 बस ही संचालित की जा रही हैं। ये बसें ही रायपुर से नवा रायपुर के बीच फेरे लगा रही हैं, वहीं 17 बसें नवा रायपुर स्थित डिपो में खड़ी हैं। कर्मचारियों ने बताया कि पहले ज्यादा बसें चलती थीं, जिससे हर 15 मिनट में हर स्टॉपेज पर यात्रियों को बस मिल जाती थी, लेकिन कोरोना काल से बसों की संख्या आधे से कम होने के बाद से 30 मिनट के बाद यात्रियों को बस मिल रही है।

### शेल्टरों की स्थिति भी जस की तस, साढ़े चार साल से 17 बसें डिपो में खड़ी

हरिभूमि सरोकार

#### शेल्टरों की स्थिति में भी सुधार नहीं

बीआरटीएस बसों के लिए रायपुर से नवा रायपुर के तक 13 शेल्टर बनाए गए हैं। इन शेल्टरों में टिकट ऑपरेटर का केबीन से लेकर यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था भी की गई है। इन शेल्टरों में टिकट लेने के बाद यात्रियों को शेल्टर के अंदर जाने के लिए डिजिटल एंट्री गेट भी बनाया गया था, जो खराब हो चुके हैं। इसके अलावा बसों का समय दर्शाने वाला डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड भी खराब पड़े हुए हैं। इसे भी अब तक सुधारा नहीं गया है।



#### एनआरडीए अधिकारी भी नजर अंदाज किए हुए

पिछले साढ़े चार साल तत्पर-बीआरटीएस की 30 में 13 बसे चल रही थी। इसकी जानकारी एनआरडीए विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद इसे नजर अंदाज किए हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही के कारण बसों के संचालन का ठेका लेने वाली एजेंसी द्वारा भी मनमाने रूप से बसों का संचालन किया जा रहा है।

## अंतर्जातीय विवाह करने वालों को धोबी समाज ने दी मान्यता

*रायपुर। धोबी समाज द्वारा नातिन धोबिन दाई परिसर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अंतर्जातीय विवाह करने वालों को धोबी समाज ने मान्यता दी। यह जानकारी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने देते हुए बताया कि अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों ने समाज में शामिल होने के लिए विधिसम्मत तरीके से समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर को आवेदन दिया था, जिस पर प्रदेश समाज ने सभी अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों के लिए प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर के नेतृत्व में समिति गठित कर बिंदुवार जांच कराई। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, समाज के अपनों को समाज से दूर अधिक दिनों तक नहीं रखा जा सकता, क्योंकि समाज के ही संतान हैं ये और जितने लोग भी विधिसम्मत आवेदन देंगे, उन सबको शामिल किया जाएगा, मगर समाज में किसी प्रकार से पदाधिकारी नहीं बन सकते और न ही समाज के आयोजन में अतिथि बन सकते हैं। समाज में शामिल होने वाले जोड़ों में प्रमुख रूप से रायपुर के मोहन निर्मलकर सहित कवर्धा, राजनांदगांव, दुर्ग, बेमेतरा, महासमुंद, सक्ती सहित अनेक जिलों के आवेदक शामिल थे।*

# 2 साल बाद स्टेशन में लगी सामान जांच की स्कैनर मशीन, अब कंप्यूटर में दिखेगी हर बारीक चीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रेलवे स्टेशन में दो सालों के बाद यात्रियों के बैग जांच करने की स्कैनर मशीन लगी है, जिसके बाद अब यात्री ट्रेन में अपने साथ प्रतिबंधित चीजें नहीं लेकर जा सकते। पूर्व में लगी मशीन खराब हो चुकी थी। वर्तमान में नई मशीन प्लेटफार्म 1 के बाद बाहर प्रवेश द्वार पर लगाई गई है। जानकारी मुताबिक यह पुरानी से ज्यादा आधुनिक है। इसकी खासियत यह है कि स्कैन होते बैग में बारीक से बारीक सामान भी सिस्टम में दिखने लगते हैं। आरपीएफ व जीआरपी की तैनाती के अलावा चप्पे- चप्पे की निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों में कैद होने वाली गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए आरपीएफ पोस्ट बिल्डिंग में मॉनिटरिंग कक्ष बनाए गए हैं। यहां लगेज स्कैनर मशीन का भी प्रावधान है। पूर्व में यहां मशीन लगी थी, लेकिन वह बाद में बिगड़ गई। अनुपयोगी होने के कारण मशीन को हटा दिया गया था। करीब दो सालों से यहां लगेज स्कैनर मशीन नहीं थी। अब जाकर आरपीएफ ने इसकी खरीदी की है। मशीन पहुंचने के बाद गेट क्रमांक तीन में स्टॉल भी किया गया। स्टाल होने के बाद मंगलवार से इस मशीन को चालू कर दिया गया है।



### बिना जांच के स्टेशन में प्रवेश के 4 रास्ते

मशीन लगाने के बाद भी बिना जांच से गुजरने स्टेशन में प्रवेश के लिए चार अन्य रास्ते भी है। मुख्य द्वार पर केवल आरपीएफ की मौजूदगी होती है, लेकिन वीआईपी गेट पर जांच की मशीन भी नहीं है और न जवान होते हैं। इसके अलावा एक्सीलेटर मार्ग के जरिए भी यात्री जांच से बचते हुए सीधे प्लेटफार्म में पहुंच रहे हैं। गुढ़ियारी से प्रवेश द्वार में भी दिन और रात के समय आरपीएफ और जीआरपी के जवान उपस्थित नहीं होते है। ट्रेनों में जवान स्काउटिंग के दौरान जांच कर रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### छत्तीसगढ़ हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

**रायपुर।** राज्य स्तरीय हथकरघा वस्त्रों की भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किया। इस मौके पर भाजपा युवा प्रकोष्ठ के पीयूष मिश्रा, पहलाद शादीजा और अन्य उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का आयोजन सिंधु पैलेस बीटीआई ग्राउंड के सामने शंकरनगर में किया गया है, जो 13 अक्टूबर तक चलेगी। यहां हाथकरघा और खादी वस्त्रों पर 20-25 प्रतिशत विशेष छूट का लाभ भी मिलेगा। प्रदर्शनी में कोसा साड़ी, ड्रेस मटेरियल, चादर, बेडशीट, लुंगी, टॉवल, गमछा और हस्तशिल्प की विभिन्न कलाकृतियां उपलब्ध हैं। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक है और प्रवेश पूर्णतः निशुल्क है। उद्घाटन के अवसर पर विभागीय अधिकारी एमएम जोशी, सीए नोन्हारे, श्रुति गोयल, एसएल ध्रुवे और विपिन लालवानी उपस्थित रहे।






## नर्सिंग प्रवेश, एक के पीछे दस का नियम, मिला चार सीट पर एक कैंडिडेट

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 फीसदी न्यूनतम अंक वाले उम्मीदवारों का टोटा नजर आ रहा है। बीएससी प्रवेश के स्ट्रे राउंड के लिए 4904 सीटे खाली हैं, जिसके लिए सूची में 1292 उम्मीदवार हैं और सूची के आधार पर 10 अक्टूबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार मॉपअप राउंड के बाद रिक्त सीटों में भर्ती के लिए एक सीट के पीछे दस उम्मीदवार प्रावीण्य सूची के अनुसार दिया जाना होता है। बीएससी में एडमिशन के लिए अभी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम लागू है और उपलब्ध सूची में नाम के अनुसार चार सीटों के पीछे एक उम्मीदवार मिल रहे हैं। राज्य में बीएससी की 7631 सीट है, जिसमें से 2717 में प्रवेश हो पाया है।

- बीएससी की 4904 सीट खाली, सूची में 1292 उम्मीदवार, 10 तक एडमिशन

## परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने एक बैठक ली। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। नगर पालिकाओं में स्थानों के आरक्षण में वर्तमान स्थिति के साथ नगरीय निकायों राजनांदगांव, कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा और तखतपुर में न्यायालय के स्थगन होने के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त होने पर चर्चा की गई।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



डांडिए की खनक से गूंजा शहर


## लाइव इवेंट

### 'विचित्रपुरी' में ज्यामितीय आकार में बुनी गई प्रभु जगन्नाथ की छवि



**रायपुर।** ग्रीन पैराडाइज रेसिडेंस सोसायटी अनोखा फैशन शो कराया गया। यह पूरी तरह से महात्मा गांधी के स्वदेशी को समर्पित रहा। फैशन शो का विषय 'हैंडलूम' रहा, जहां सभी महिलाओं ने भारत के अलग-अलग प्रांत के हैंडलूम साड़ियों को पहनकर कैटवॉक किया। परिचय श्रेणी में उस साड़ी की बुनाई संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। प्रदर्शनी में ओडिसा की विचित्रपुरी साड़ी खास रही। इसमें भगवान जगन्नाथ की छवि ज्यामितीय आकार में बुनी जाती है। इसके अलावा संबलपुरी पाट, दक्षिण भारत की पोचमपल्ली साड़ी, असम की मेखला साड़ी, बस्तर की वर्ली प्रिंट और लिनेन की साड़ी के साथ सबसे ज्यादा विविधता चांपा की कोसा साड़ी में मिली।

#### वार्डरोब में हो अधिक से अधिक हैंडलूम कपड़े

सोसायटी सदस्यों ने बताया, इस फैशन शो का बुनकर और कपास की खेती पर आश्रित किसान के लिए किया। उनके उत्पाद के प्रचार करने की कोशिश की गई, ताकि उनकी आजिविका चल सके। हमें कोशिश करनी चाहिए कि हमारे वार्डरोब में ज्यादा से ज्यादा कपड़े हैंडलूम हों। इस फैशन शो में शो स्टॉपर डॉ.पूनम साहू रहीं। द्वितीय स्थान सपना चौरसिया और तृतीय अंकिता तिवारी को मिला। अलग-अलग कैटेगरी में प्रियंका सिंह, रचना श्रीवास्तव, प्रभा बंजारी भी विजेता बनीं।

## कैंपस इवेंट

### साइबर फ्रॉड होने पर करें सूचित संदेह हो तो तुरंत काट दें कॉल



**रायपुर।** देवेंद्र नगर कन्या महाविद्यालय में अंग्रेजी एवं वाणिज्य विभाग तथा रायपुर पुलिस के साइबर सेल के विशेष सहयोग से "साइबर जनजागरुकता पखवाड़ा" मनाया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्या डॉ.शीला दुबे ने विषय के महत्व पर जानकारी दी। साइबर एक्स्पर्ट महेंद्र सिंह राजपूत तथा चिंतामणि साहू ने साइबर क्राइम क्या है, इस पर विशेष चर्चा की। सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुआ छात्राओं को विशेष बिंदुओं पर सजग एवं सचेत रहने पर विशेष बल दिया।

#### परिवार को दें जानकारी

मोबाइल खो जाने या चोरी होने पर तथा किसी तरह से साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करने कहा गया। उन्होंने छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी अपरिचित व्यक्ति से फोन पर देर तक बात ना करें। संदेह होने पर कॉल तुरंत काट दें। सेटिंग में प्राइवसी लॉक रखें। अज्ञात कॉलर ब्लॉक करें तथा संदेहात्मक कॉल आने पर परिवार के सदस्य एवं पुलिस को जानकारी दें। अंग्रेजी विभागाधक्ष डॉ.सुषमा तिवारी, डॉ.सिरिल डैन्यल, वाणिज्य विभाग से डॉ.मिनी गुप्ता, डॉ.विनीता गुप्ता सहित अन्य शामिल हुए।

## सिटी इवेंट

### बायोटेक और फूड प्रोसेसिंग में स्टार्टअप संभव, युवा करें खेती



**रायपुर।** कृषि एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में नवीन स्टार्टअप शुरु करने के इच्छुक युवाओं के लिए कार्यशाला रखी गई। छग बायोटेक प्रमोशन सोसायटी एवं सुभाष चन्द्र बोस इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा यह दो दिवसीय कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में देश के विख्यात स्टार्टअप विशेषज्ञों ने नवाचारी स्टार्टअप स्थापित करने की रणनीति, संभावनाओं, शासकीय नीतियों, स्टार्टअप स्थापित करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं अनुदान तथा स्टार्टअप स्थापित करने में आने वाली कठिनाइयों एवं चुनौतियों के बारे में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित इन्क्यूबेशन सेन्टर्स के प्रतिनिधि, स्टार्टअप संचालक, नवीन उद्यमी तथा विद्यार्थी शामिल हुए।

#### छात्रों को मिलती है टेस्टिंग और फंड की सुविधा

मुख्य अतिथि कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा, इन्क्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों को वर्किंग स्पेस, गाइडेन्स, लैब सुविधाएं, टेस्टिंग सुविधाएं, इंटर्नशिप आदि प्रदान कर उन्हें स्टार्टअप स्थपित करने में सहयोग दिया जा रहा है। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की छग उप महाप्रबंधक श्वेता पाण्डेय ने स्टार्टअप स्थापना के लिए उनके बैंक द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं एवं ऋण आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में देश के प्रख्यात स्टार्टअप्स विशेषज्ञ चन्द्रन कृष्णन, वैकुण्ठ प्रसाद, सौरभ चौबे एवं सोनाली झा ने टिप्स दिए।

---

● कंप्यूटराइज्ड तरीके से तय हो रहा दीवारों का रंग, दामों में 10 फीसदी तक वृद्धि

# सेहत के लिए हेल्थ सील्ड प्लास्टिक कलर, कमरे को बदबू से बचाने एटमास पेंट, पर्दे भी हुए थ्रीडी

पितर के बाद घरों में रंग-रोगन का कार्य शुरू हो गया है। दुकानों में मनपसंद रंग खरीदने लोग पहुंच रहे हैं। बीते कुछ सालों से कलर पेंट का चलन बढ़ने से बाजार से परंपरागत चूना अब गायब हो गया है। डिस्टेंपर की मांग बढ़ गई है। महंगाई के बाद भी लोग ब्रांडेड कंपनियों के पेंट खरीद रहे हैं। दुकानों में हेल्थ सील्ड प्लास्टिक पेंट बाजार में उपलब्ध हो चुका है। इसके अलावा कमरे में बदबू खींचने के लिए एटमास पेंट ने भी मांग इस बार रहेगी।

**रायपुर।** दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी पेंट्स के दाम बढ़ गए हैं, लेकिन अधिकतर ग्राहक पेंट्स की कीमतों को नजरअंदाज कर क्वालिटी पर जोर दे रहे हैं। उनका कहना है, ब्रांडेड कंपनियों के बाजार में अलग-अलग 60 रंग उपलब्ध हैं। इसके अलावा ग्राहक अपनी पसंद से कंप्यूटर से कलर मैचिंग करा रहे हैं।



घर के भीतर की दीवारों में अलग-अलग डार्क शेड अधिक पसंद किया जा रहा है। यही वजह है कि इस साल कंप्यूटर से कलर मैचिंग कराने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है। कंप्यूटर से मनपसंद कलर बनाने के लिए ग्राहकों को 400 से लेकर एक हजार रुपए तक अतिरिक्त खर्च करने होते हैं।

### पेपर रोल की बढ़ी बिक्री

*मकानों की दीवारों को सुंदर बनाने के लिए प्लास्टिक पेंट डिस्टेंपर की मांग बढ़ गई है। इसके पेपर रोल की बिक्री बढ़ी है। इसे घरों की दीवारों पर सजा सकते हैं। ड्राइंग रूम या बेडरूम की दीवारों को नया लुक दिया जा सकता है। दुकानदार शैलेंद्र विश्वनाथ का कहना है, सामान्य दीवार को कुछ खास बनाने के लिए वॉल पेपर का इस्तेमाल किया जा रहा है। 55 वर्गफीट का यह वॉलपेपर 1500 से 2500 रुपए तक का है। इस वॉलपेपर को जब इच्छा हो बदल भी सकते हैं। वहीं कस्टमाइज्ड पेपर रोल भी आते हैं। ग्राहक अपने घर की दीवारों पर जिस फोटो को दर्शाना चाहते हों, उनका वॉलपेपर बनवा सकते हैं। यह कागज की तरह गलता नहीं है, इसलिए इसे धोया भी जा सकता है। 8 से 10 वर्ष यह वॉलपेपर खराब नहीं होता। इसके अलावा कई लोग घरों में चूने के स्थान पर पेंट करा रहे हैं।*



### सीलन की बदबू खत्म करने नया प्रोडेक्ट

*अक्सर लोगों की शिकायत रहती है कि बारिश में कमरे से सीलन की बदबू आती है। अब लोग मकान में ऐसा पेंट इस्तेमाल करना चाहते हैं, जिससे बारिश में बदबू न आए। दुकानदारों का कहना है कि सीलन की बदबू को खत्म करने के लिए पाउडर व लिक्विड आता है, जिसे प्लास्टर तोड़कर लगाना पड़ता है। उसके ऊपर प्लास्टर होता है। इसकी काफी मांग है। दीवारों को नया लुक देने पेंट्स के स्थान पर वॉल पेपर व रायल प्ले के नाम से नए प्रोडेक्ट भी आ चुके हैं, जिसे अनुभवी पेंटर लगाते हैं। इससे घर की सुंदरता लंबे समय तक बनी रहती है।*





### फ्लावर, तितलियां स्टार वाले वॉलपेपर्स

घरों की सुदंरता बढ़ाने के लिए लोगों ने इंटीरियर डिजाइनर से सलाह ले रहे हैं। छोटे बच्चों के कमरे को फ्लावर, तितलियां, स्टार वाले वालपेपर्स का उपयोग किया जा रहा है। इंटीरियर डिजाइनर मनजीत कौर ने बताया कि बाजार में थ्रीडी पर्दे आए हुए हैं, जो न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि घर को एक अलग लुक भी देते हैं। वालपेपर के साथ ही महिलाएं आकर्षक पर्दे पर भी विशेष ध्यान दे रहीं हैं। एक कमरे में चार से पांच हजार का वालपेपर से नया लुक दिया जा सकता है। वॉलपेपर्स लगाने के बाद इसे पानी से साफ भी किया जा सकता है। दो साल तक दीवार सुरक्षित रहेगी।

---

## 55 पंचायत से पहुंचे भक्त, डूबे रहे भक्ति रस में

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में भजन-कीर्तन का सिलसिला सुबह से देर-शाम तक चला। इससे पहले मंगलवार को गोदड़ी वाले संत बाबा हरदास राम साहब के 33वें वर्सी महोत्सव में शामिल होने के लिए 55 पंचायतों से जुड़े भक्त पहुंचे। दूसरे राज्यों व शहरों से भी लोग तीन दिवसीय आयोजन का हिस्सा बनने के लिए पहुंचे रहे। इस उत्सव में प्रदेश के 11 धाम के श्रद्धालु गोदड़ी वाला धाम में आशीर्वाद लेने पहुंचे। सुबह से लेकर शाम तक भंडारा चला रहा। महोत्सव में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, भूतपूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने संतों से आशीर्वाद लिया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी, छग सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी सहित अन्य समाज गण मौजूद रहे।

**गोदड़ीवाला धाम में जुटा समाज, संतों के सानिध्य में भजन-कीर्तन**



#### संतों की अगुवाई में समापन



यह आयोजन जलगांव से आए महंत देवीदास एवं गोदड़ी धाम की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में किया गया। अंतिम दिन भोग साहब में संत साईं युधिष्ठिर लाल, साईं कमल कुमार, साईं सनी लाल, साईं लाल दास, साईं राजकुमार ने समाज के लोगों को आशीर्वचन के साथ ही इस तरह के आयोजन की महत्ता के बारे में बताया। वहीं भाटापारा, रायगढ़, चकरभाटा गोदड़ी वाला धाम की भजन मंडलियों ने संतों की मौजूदगी में प्रस्तुति दी। संतों की अगुवाई में मंगलवार को इसका समापन हुआ। भक्ति-भाव से लीन भक्त शुरुआत से अंत तक भजनों में झूमते रहे। सभी ने संतों से आशीर्वाद लिया।

## सिविल जज लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित, 151 चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग द्वारा सिविल जज लिखित परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। सिविल जज के 49 पदों के लिए पीएससी द्वारा विज्ञापन निकाले गए थे। प्रारंभिक परीक्षा के बाद 542 कैंडिडेट्स का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया गया था। इनमें से 151 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया है। इंटरव्यू का शेड्यूल अभी जारी नहीं किया गया है। सिविल जज के लिए मुख्य लिखित परीक्षा इसी साल 25 अगस्त को ली गई थी।

#### 10वीं-12वीं के लिए 30 तक आवेदन कर सकेंगे प्राइवेट स्टूडेंट्स

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा 2025 के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 अक्टूबर तक कर दी गई है। इस अवधि के दौरान, विद्यार्थी विशेष विलंब शुल्क 1540 रूपए प्रति छात्र के साथ फॉर्म भर सकते हैं। समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं को निर्देश दिया गया है कि वे इस समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन प्रविष्टि और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को पूर्ण करें। निर्धारित समय के पश्चात पोर्टल पुनः प्रारंभ नहीं किया जाएगा।

---

कार्नर न्यूज

### बड़े आयोजनों के इतर कॉलोनियों और चौक में भी होगा रावण दहन

# 50 फीट का होगा दशानन, कुंभकरण संग मेघनाथ की ऊंचाई रावण से 10 फीट कम



**रायपुर।** नवरात्रि के पश्चात अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के दसवें दिन यह पर्व मनाया जाता है, जिसमें श्री राम ने रावण से युद्ध में विजय प्राप्त की। बीते कई वर्षों से दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया जाता रहा है, जिसके लिए शहर के बाजारों में तैयारी जारी है। राजधानी में भी डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, रावनभाठा मैदान, लाखेनगर, अश्वनी नगर में रावण दहन उत्सव की तैयारी जारी है। जिसके लिए शहर के कारीगरों को रावण निर्माण का कार्य दिया जा चुका है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष बाजारों में धूम अधिक देखने को मिलेगी। शहर की छोटे-बड़े कॉलोनी, चौक, गांव और कंपनी में रावण दहन की तैयारी की जा रही है। रावण के पुतला निर्माण के लिए शहर के कारीगरों को नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ ही ऑर्डर दिया जा चुका है। जिसमें कारीगरों द्वारा रावण निर्माण का कार्य जोरों पर चल रहा है।

#### नहीं बदला रावण का स्वरूप

अग्रसेन चौक के कारीगर महीपान सोनकके ने बताया, बीते 10-15 वर्षों से लगातार रावण के पुतला निर्माण का कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष लाखेनगर, अश्वनी नगर, हीरापुर के लिए रावण के पुतला निर्माण का ऑर्डर दिया गया है। 35 से 40 फीट तक का पुतला तैयार कराया जा रहा है। बीते कई सालों से रावण के स्वरुप में अधिक बदलाव नहीं आया है, लेकिन कुछ खरीदार रावण के स्वरुप में बदलाव पसंद करते हैं। उनके लिए कस्टमाइज ढंग से पुतला तैयार कराया जाता है। पुतले की आकृति अनुसार इसकी कीमत तय की जाती है, 30-35 फीट के रावण के लिए 15-20 हजार रुपए कीमत तय है।



#### मुखौटे की जगह लगा रहे पोस्टर

आमापारा चौक के कारीगर ने कहा, बीते 3 पीढ़ियों से रावण के पुतला निर्माण का कार्य जारी है। वक्त के साथ रावण के पुतले में भी बदलाव देखने को मिला। दुकान में एक फीट से लेकर खरीदारों के डिमांड अनुसार विभिन्न ऊंचाई में पुतला तैयार किया जाता है, जिसकी कीमत 250 रुपए से शुरु है। प्रत्येक वर्ष समितियों, सड्डू, मोवा, आस-पास के गांव, फैक्ट्री, स्कूल, कंपनी व घरों के सदस्यों द्वारा छोटे व बड़े रावण का पुतला खरीदा जाता है। इस वर्ष रावण के मुखौटा के बदले पोस्टर लगाया जा रहा, जिसकी डिमांड नन्हे बच्चों व घर के सदस्यों द्वारा की जाती है। बीते कुछ सालों में शहर में रावण के पुतले की डिमांड बढ़ी है।

#### अन्य राज्यों के कलाकार करेंगे आतिशबाजी



बालाजी ट्रस्ट दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संयोजक सुशील ओझा ने बताया, प्रत्येक वर्ष भाठागांव स्थित रावण भाठा मैदान में रावण दहन उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष भी शहर के कारीगरों द्वारा आम बगीचा में रावण दहन के लिए पुतला निर्माण का कार्य जारी है। इसमें 50 फीट का रावण और 40-40 फीट का मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला बनाया जा रहा है। इस दौरान आतिशबाजी के लिए अन्य राज्यों से कलाकरों को बुलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर दूधाधारी मठ से शोभायात्रा निकाली जाती है। दूधाधारी मठ से होते हुए रावणभाठा मैदान, मठपारा होते हुए शोभायात्रा निकलेगी। पुतला दहन से पूर्व शाम 6 बजे छत्तीसगढ़ी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।


## दुर्गोत्सव 2024


जय अम्बे दुर्गोत्सव समिति, राजेंद्र नगर


जय माता दी दुर्गोत्सव समिति, तरुण नगर पंडरी



श्री श्री कला मंदिर दुर्गा पूजा समिति, स्टेशन चौक, लोधीपारा


श्री जय छत्तीसगढ़ दुर्गोत्सव समिति, पुरानी बस्ती


श्री जय मां अम्बे दुर्गोत्सव समिति तुलसी नगर, गुढ़ियारी


नव दुर्गोत्सव समिति, कचना


श्री सर्वोदय दुर्गोत्सव समिति, सर्वोदय नगर, पचपेड़ी नाका


श्री नवदुर्गा उत्सव समिति, देवेंद्र नगर


नव युवक दुर्गोत्सव समिति लिली चौक, पुरानी बस्ती


श्री बाल समाज दुर्गोत्सव समिति सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती


नव जागरण युवा मंच दुर्गोत्सव समिति, नव दुर्गा चौक



जागृति बाल समाज दुर्गोत्सव समिति, यादव मोहल्ला, टिकरापारा


श्री जय भवानी दुर्गोत्सव समिति बजरंग नगर, आमापारा


आदर्श दुर्गोत्सव समिति, आदर्श नगर


पाटीदार समाज, फाफाडीह


रोटरी क्लब


होली हार्ट्स स्कूल, सिविल लाइन

# डांडिए की खनक से गूंजा शहर

## सोसायटियों में पारिवारिक माहौल में ही आयोजन, परंपरागत वेशभूषा में प्रवेश

रायपुर। पंचमी के साथ ही शहर के गरबा आयोजन स्थलों में रौनक बढ़ने लगी है। मंगलवार रात बड़ी समितियों के अलावा गली-मोहल्लों, कॉलोनी और सोसायटियों में भी गरबा नृत्य रखा गया। हर गली में डांडिए की खनक सुनाई पड़ी। सर्वाधिक भीड़ गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान में आयोजित गरबा उत्सव में रही। हरिभूमि-आईएनएच इसका मीडिया पार्टनर है। यहां सभी को निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। परंपरागत माहौल में हो रहे इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोग जुड़े।


अवधपुरी मैदान, गुढ़ियारी


अविनाश न्यू कंट्री सोसाइटी









**महिला और पुरुष के लिए पृथक घेरा:** सत्ती बाजार स्थित अम्बे मंदिर में केवल भक्ति गीतों पर ही लोगों ने नृत्य किया। रात्रि 8 से 11 बजे तक गरबा की धुन में 800 से अधिक लोगों ने गरबा किया। यहां महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग घेरा बनाया गया था।

### बंगाली परिधान में नृत्य

अविनाश न्यू कंट्री सोसाइटी में महिलाओं ने बंगाली परिधान में रास गरबा किया। यहां महिलाएं व युवतियां सफेद व लाल रंग की साड़ी में पहुंची। माता के गीतों पर अराधना संग गरबा किया। स्लो बीट्स से शुरू हुआ गरबा करने का सिलसिला धीरे-धीरे फास्ट बीट्स की ओर बढ़ता गया।


### परिवार संग रास गरबा

गुजराती समाज की ओर से पाटीदार भवन में आयोजित रास गरबा में नृत्य का खूबसूरत नजारा देखने को मिला। यहां समाज के लोगों द्वारा देवी के गुजराती भक्ति गीतों पर ही गरबा किया गया। नृत्य में भी बेसिक झंकार, दुकड़ी, चौकड़ी, तीन ताली, छकड़ी, डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर मां भगवती की आराधना की गई।

### छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में पहुंचे गरबा प्रेमी

चौपाल समूह की ओर से टिकरापारा साहू कॉम्प्लेक्स में आयोजित रास गरबा में मां शक्ति की उपासना का रंग ऐसा छाया कि हर कोई मां की भक्ति में लीन नजर आया। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हर उम्र के प्रतिभागी खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। यहां गुजराती, राजस्थानी और छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में गरबा प्रेमी पहुंचे हुए थे।


समलेश्वरी माता


कंकाली माता


बंजारी माता मंदिर

# श्रृंगार पचरा प्रारंभ बेल के पौधे का आह्वान


आकाशवाणी काली माता


बंगाली समिति, माना


महामाया मंदिर

रायपुर। पंचमी के मौके पर मंगलवार को शहर के देवी मंदिरों में विशेष श्रृंगार हुए। अन्य मंदिरों में भी भजन गायन और जगराता का सिलसिला पंचमी के साथ ही शुरु हुआ। प्राचीन मंदिर महामाया में मंगलवार से जस गायन की टोली ने माता के धाम में श्रृंगार पचरा का गायन प्रारंभ किया। बंगाली कालीबाड़ी समितियों में पंचमी से दुर्गा पूजा उत्सव का क्रम शुरू हुआ। पंचमी तिथि को बोधन पूजा की परंपरा निभाई गई। इसमें बेल के पौधे का आह्वान किया जाता है। वहीं बुधवार की शाम धूप नृत्य के साथ माता की आराधना शुरू होगी। इसके पहले पंचमी की शाम से भक्तों की मौजूदगी में सभी कालीबाड़ी के दुर्गा पूजा स्थल पर विशेष आराधना की गई। कालीबाड़ी समिति के तन्मय चटर्जी, श्यामा श्यामल ने बताया कि षष्ठी से लेकर दशमी तक दुर्गा पूजा पंडालों सांस्कृतिक प्रोग्राम की श्रृंखला भी सजेगी।

### ऐसे रहे मंदिरों में दृश्य...

**महामाया मंदिर :** मंत्रोच्चार के साथ माता की पूजा के बाद उनका कलशा श्रृंगार किया गया। दरबार में फूलों और पंचमेवा की महक रही। दोपहर में हुई कपूर आरती में हजारों की तादाद में भक्त शामिल हुए। कमल फूल की माला से विशेष श्रृंगार हुआ।

**कंकाली माता मंदिर :** पं. आशीष शर्मा ने बताया, हर साल की तरह ही माता सोलह श्रृंगार में ही नजर आई। दशहरा के दिन अस्त्र-शस्त्र के साथ माता अपने भक्तों को दर्शन देंगी।

**दंतेश्वरी मंदिर :** माता का स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया गया। मंत्रोच्चार व घंटा ध्वनि के साथ महाआरती हुई।

**बंजारी माता मंदिर :** डंगनिया के बम्लेश्वरी मंदिर, रविवि के बंजारी माता मंदिर और रावांभाठा के माता मंदिर में भी विशेष श्रृंगार संग भव्य आरती हुई। श्रृंगार सामग्री अर्पित करने भक्त लंबी कतार लगाकर खड़े रहे।

**आकाशवाणी काली माता मंदिर :** पंचमी श्रृंगार के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी। आरती में शामिल होने भक्त सड़क में भी खड़े रहे।

## पुरानी बस्ती के मां महामाया मंदिर से 1400 साल से जुड़ी भक्तों की आस्था

# गुंबद आकार में तांत्रिक विधि से स्थापित है श्रीयंत्र

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। शहर के सभी प्राचीन देवी मंदिरों से जुड़ी कई ऐसी मान्यताएं हैं, जिससे श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। इनमें पुरानी बस्ती स्थित मां महामाया मंदिर विशेष महत्व रखता है। यहां सूर्योदय के समय किरणें सम्लेश्वरी माता के गर्भगृह तक पहुंचती हैं। वहीं सूर्यास्त के समय सूर्य की किरणें मां महामाया के गर्भगृह में उनके श्रीचरणों को स्पर्श करती हैं। मंदिर के डिजाइन से अंदाजा लगाना मुश्किल है कि प्रतिमा तक सूर्य की किरणें कैसे पहुंचती होंगी। गुंबद के आकार में ही श्रीयंत्र है। जो मंदिर को दिव्य शक्तियों जोड़ता है। तांत्रिक पद्धति से निर्मित होने से मंदिर में आराधना करना सर्वोत्तम माना जाता है।



### खारुन के तट पर मिली प्रतिमा

मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला बताते हैं कि मां महामाया का दरबार कई मायनों में खास है। एक तो इस बात को लेकर कि गर्भगृह में मां की प्रतिमा दरवाजे की सीध में भी नहीं दिखती। इसे लेकर कई तरह की मान्यताएं हैं। ऐसी ही एक मान्यता है कि कलचुरी वंश के राजा मोरध्वज से हुई भूल के कारण ऐसा हुआ। 1400 साल पहले राजा मोरध्वज सेना के साथ जब खारुन नदी के तट पर पहुंचे, तो उन्हें मां महामाया की प्रतिमा दिखाई दी। राजा करीब पहुंचे तो उन्हें सुनाई दिया कि मां उनसे कुछ कह रही हैं। मां ने कहा कि वे रायपुर नगर में लोगों के बीच रहना चाहती हैं। इसके लिए मंदिर तैयार किया जाए।

### चौखट से दिखाई देती है तिरछी

राजा ने पुरानी बस्ती में मंदिर बनवाया। मां ने राजा से कहा था कि वह प्रतिमा को कंधे पर रखकर मंदिर तक ले जाएं। रास्ते में कहीं रखें नहीं। अगर प्रतिमा को किसी स्थान पर रखा तो वहीं स्थापित हो जाऊंगी। उन्होंने मां की मूर्ति को मंदिर पहुंचने तक कहीं नहीं रखा लेकिन मंदिर के गर्भगृह में जाने के बाद वे मां की बात को भूल गए और जहां स्थापित किया जाना था, उसके पहले ही एक चबूतरे पर प्रतिमा को रख दिया। इसके बाद जहां अभी मां विद्यमान हैं, वहीं स्थापित हो गई। प्रतिमा स्थापना के लिए जो जगह बनाई गई वह कुछ ऊंचा स्थान था। इससे मां की प्रतिमा चौखट से तिरछी दिखाई देती है।

### यह दुर्लभ रहस्य, समझ से परे

इतिहासकारों ने प्रमाणित किया है कि मंदिर का निर्माण राजा मोरध्वज ने तांत्रिक विधि से करवाया था। इसकी बनावट से भी कई रहस्य जुड़े हुए हैं। मंदिर के गर्भगृह के बाहरी हिस्से में दो खिड़कियां एक सीध पर हैं। सामान्यतः रूप से दोनों खिड़कियों से मां की प्रतिमा की झलक नजर आनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं होता है। दाईं तरफ की खिड़की से मां की प्रतिमा का कुछ हिस्सा नजर आता है, लेकिन बाईं तरफ से मां की झलक नहीं मिलती है। इस दुर्लभ रहस्य आज तक वास्तुविदों की समझ से भी परे है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वीनू मांकड ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने केरल को 171 रन से हराया



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से मेंस अंडर-19 वीनू मांकड वन डे ट्रॉफी 2024 का आयोजन 4 अक्टूबर से जारी है। प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा वन डे मैच मंगलवार को हैदराबाद में हुआ। जिसमें केरल अंडर-19 टीम के विरुद्ध छत्तीसगढ अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सधी हुई शुरूआत की तथा निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 293 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से कप्तान विवेक यादव ने नाबाद 59 रन तथा विकल्प तिवारी ने 59 रन बनाये। साथ ही प्रथम जाचक ने 50 रनों का योगदान दिया। केरला अंडर 19 टीम की ओर से अल्ताफ ने 3 विकेट तथा केविन ने 2 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केरला अंडर-19 की टीम 40.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 122 रन ही बना पायी। केरला के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके तथा निरंतर अंतराल में आउट होते गये। केरला की ओर से सौरभ ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। छत्तीसगढ़ ने सधी हुयी गेंदबाजी से केरला के बल्लेबाजों को बांधे रखा तथा निरंतर अंतराल में विकेट लेते रहे। छत्तीसगढ की ओर से फैज खान ने 3 विकेट, विकल्प तिवारी एवं साहिल रजत शरीफ ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 171 रनों के बडे अंतराल से जीत लिया।

### सॉफ्ट टेनिस में बिलासपुर बना विजेता

**रायपुर।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत मायाराम सुरजन शासकीय कन्या



शाला चौबे कालोनी रायपुर के टेनिस कोर्ट में सॉफ्ट टेनिस बालक वर्ग का मैच खेला गया। विजेता खिलाड़ियों को मायाराम सुरजन शासकीय कन्या शाला की प्राचार्य भावना तिवारी और सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद ठाकुर ने पदक प्रदान किए। वहीं महासचिव प्रमोद ठाकुर ने चार रैकेट अपनी तरफ से प्रदान किए। प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के 14 वर्ष बालकों ने अपने पहले मैच में सरगुजा को 3.0 फर्स्ट डबल्स में परास्त किया। सिंगल में 3.1 से जीत हासिल की और सेकेंड डबल्स में 3.0 से परास्त कर सेमीफाइनल में रायपुर पहुंच गई। जहां रायपुर ने दुर्ग को 3.0-3.0 से परास्त कर रायपुर ने बिलासपुर को सीधे सेटों में परास्त कर रायपुर विजेता बनी। 17 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर ने पहले मैच में दुर्ग को सीधे सेटों में 3.0 ,3.0, 3.0 से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां बिलासपुर ने सरगुजा को 3.13.2 3.0 से परास्त कर फायनल में जगह बनाई। यहां फायनल में बिलासपुर का मुकाबला रायपुर से हुआ। बिलासपुर ने रायपुर को टाई ब्रेकर में परास्त कर विजेता का खिताब हासिल किया।

### विप्र शतरंज प्रतियोगिता 13 अक्टूबर को रायपुर में

**रायपुर।** विप्रजन कल्याण एकता समिति के द्वारा 13 अक्टूबर ब्राह्मण शतरंज प्रतियोगिता समग्र ब्राह्मण समाज के लिए तुलसी मंगलम कुशालपुर में आयोजित की जा रही है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अक्टूबर है। जिसका फॉर्म ऑनलाइन/ऑफलाइन दोनो माध्यम से भरा जा सकता है। संस्था के सचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता ब्राह्मण समाज मे पहली बार कराई जा रही है। इसमे 6 श्रेणियों मे नगद धनराशि व ट्राफी पुरस्कार मे दी जाएगी। हर प्रतिभागी को संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पुरे छत्तीसगढ़ के समग्र ब्राह्मण समाज के हर उम्र के लोग भाग ले सकते है।

### बास्केटबॉल का फाइनल मुकाबला बुधावार को

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शहर स्थित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में 'इंटर कॉलेज बास्केटबॉल' स्पर्धा का आयोजन किया गया है। बुधवार को सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज और दुर्गा महाविद्यालय के बीच फाइनल मुकाबला होने जा रहा। प्रतियोगिता के दौरान शहर स्थित अनेक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा का शुभारंभ विप्र कॉलेज व महाराजा अग्रसेन कॉलेज के बीच मुकाबला के साथ हुआ, जिसमें विप्र कॉलेज 18-5 से विजेता रही।


**इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता** - पैलोटी कॉलेज ने शासकीय महाविद्यालय कुरूद को एक तरफा मुकाबले में 41-2 से पराजित किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में यूटीडी ने विप्र कॉलेज को 14-8 से हराया। प्रतियोगिता के तीसरे क्वार्टर फाइनल में शा. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने शा. विज्ञान महाविद्यालय को 18-4 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।चौथे क्वार्टर फाइनल में दुर्गा महाविद्यालय ने महन्त महाविद्यालय को 24- 21 से हराया, यह मैच दर्शकों के लिए रोचक रहा। सेमीफाइनल में पैलोटी कॉलेज ने यूटीडी को 39-24 से हराकर अपनी जगह बनाई। वही दूसरी ओर दुर्गा महाविद्यालय ने छत्तीसगढ़ महाविद्यालय को 23-14 पर हराकर फाइनर मैच में प्रवेश किया। बुधवार को अंतिम दिन डॉ.विपिनचन्द्र शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी,विजय शर्मा ,प्यारेलाल साहू, आयोजक सचिव राजेश तिवारी ,डॉ. कैलाश शर्मा व भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

---

#### सामान्य उपचार से पेट की परेशानी दूर नहीं हो रही तो दिखाएं विशेषज्ञ चिकित्सक को

# आपका पेट अक्सर रहता है खराब तो दिमागी भी हो सकती है परेशानी, पाचन तंत्र और मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन जरूरी

पेट दर्द एक सामान्य समस्या है, ये किसी को भी हो सकती है। आमतौर पर गैस, कब्ज या अपच के कारण पेट में दर्द हो सकता है, जोकि सामान्य दवाओं और घरेलू उपचार से ठीक भी हो जाता है। पर अगर आपको लंबे समय से पेट में दर्द या पाचन में गड़बड़ी की दिक्कत बनी हुई है और सामान्य उपचार के माध्यम से ये ठीक नहीं हो रहा है तो सावधान हो जाइए, कहीं ये मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का संकेत तो नहीं है? जी हां, आपने सही सुना। पाचन तंत्र में गड़बड़ी कुछ स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य विकारों का लक्षण हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) और स्ट्रेस-एंग्जाइटी जैसी मानसिक समस्याओं के बीच लिंक देखा गया है। यानी कि अगर आपको लंबे समय तक जीईआरडी के लक्षण बने रहते हैं और उपचार से आराम नहीं मिल रहा है तो एक बार किसी मनोचिकित्सक से जरूर मिल लेना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के साथ सामाजिक कलंक की भावना दूर के लिए हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि पेट की समस्याओं का मेंटल हेल्थ से क्या संबंध हो सकता है?



### गट-ब्रेन हेल्थ कनेक्शन

हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार गट-ब्रेन हेल्थ एक दूसरे से बड़े करीब से जुड़े होते हैं। आपको अगर अक्सर पेट में दर्द वाला अनुभव होता है, उल्टी महसूस होती है? अगर इन समस्याओं में सामान्य दवाओं से आराम नहीं मिल पा रहा है तो हो सकता है ये स्ट्रेस या एंग्जाइटी के कारण हो रहा हो।


स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, तनाव या चिंता की स्थिति हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकती है। हमारी आंतें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में सेंट्रल नर्वस सिस्टम के द्वारा नियंत्रित होती हैं, ऐसे में यदि आपको मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है तो इसमें पाचन से संबंधित लक्षण भी दिख सकते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

हार्वर्ड के विशेषज्ञ बताते हैं, अधिक तनाव लेने वाले लोगों में अक्सर पाचन की समस्या बनी रह सकती है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. टोरोसियन कहते हैं, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि तनाव की स्थिति में इंफ्लामेटरी बाउल डिजीज जैसी समस्याओं का खतरा नहीं होता है, हालांकि ये पाचन के लक्षणों को जरूर गंभीर बना सकती है। स्ट्रेस और ट्रॉमा के शिकार लोगों को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं के बारे में सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्ट्रेस में क्यों होती है पाचन की दिक्कत?

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अक्सर बनी रहने वाली चिंता-तनाव की स्थिति के कारण शरीर में कई प्रकार के हार्मोनल बदलाव होने लग जाते हैं जो गैस्ट्रिक रस के स्राव को बढ़ाती है, जिससे पेट में दर्द, सूजन, एसिडिटी और जलन होती है। साल 2019 के एक अध्ययन में पाया गया कि जीईआरडी से पीड़ित लोगों में चिंता और अवसाद के लक्षण काफी अधिक थे, खासकर उन लोगों में जिन्होंने सीने में दर्द की भी शिकायत हो रही थी। जीईआरडी और चिंता विकार दोनों ही सीने में दर्द का कारण बन सकते हैं, ये लक्षण अक्सर हार्ट अटैक जैसे महसूस होते हैं।



### स्ट्रेस को करें कंट्रोल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ऐसा नहीं है कि गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होते ही ये समझ लें कि आपको कोई मानसिक दिक्कत हो गई है, हालांकि अगर सामान्य इलाज से आराम न मिले निश्चित ही सावधान हो जाना चाहिए। सभी लोगों को स्ट्रेस को कंट्रोल करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि इससे सिर्फ पाचन ही नहीं, हृदय गति बढ़ने, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल की भी दिक्कत हो सकती है। लंबे समय तक बने रहने वाली तनाव की समस्या को कई अन्य गंभीर स्वास्थ्य विकारों का भी कारण माना जाता है।

---



## 22 कैरेट गोल्ड का रेट जानने के बाद खरीदने जाएं तो ध्यान में रखें टिप्स

भारतीयों में गोल्ड ज्वेलरी को लेकर एक अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। कुछ लोग गोल्ड ज्वेलरी को निवेश का एक बेहतरीन ऑप्शन भी मानते हैं। यही वजह है कि त्योहार, शादी या अन्य किसी मांगलिक कार्य से पहले सोना खरीदना परंपरा-सा बन गया है।

त्योहारों के दिनों में सोने की मांग बढ़ जाती है, जिसकी वजह से बाजार में नकली और मिलावटी गोल्ड भी आ जाता है। नकली-मिलावटी सोना खरीदने पर आपको मोटी चपत लग सकती है और मेहनत की कमाई बर्बाद हो सकती है। अगर आप भी इस फेस्टिवल सीजन में सोना खरीदने की प्लानिंग कर रही हैं और 22 कैरेट का गोल्ड रेट जानने के बाद बाजार जा रही हैं, तो कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

**गोल्ड रेट जानें**-हर शहर में गोल्ड का रेट अलग होता है। क्योंकि डिमांड, इंपोर्ट कॉस्ट और अन्य चीजों पर गोल्ड का रेट तय होता है। गोल्ड भी शेयर मार्केट की तरह हर दिन उतरता-चढ़ता है। ऐसे में अगर आप गोल्ड की ज्वेलरी या अन्य कोई सामान खरीदने जा रही हैं तो अपने शहर का रेट जरूर चेक करके जाएं।

**शुद्धता**- खरीदने से पहले गोल्ड की शुद्धता जान लेना बहुत जरूरी होता है। गोल्ड की शुद्धता कैरेट (K) में मापी जाती है। सबसे प्योर यानी शुद्ध गोल्ड 24 कैरेट का होता है, लेकिन ज्वेलरी 18 से 22 कैरेट में तैयार होती है।

**हॉलमार्क चेक करें**-अगर आप गोल्ड खरीदने जा रही हैं तो हॉलमार्क जरूर चेक करें। क्योंकि हॉलमार्क से ही ज्वेलरी की शुद्धता सुनिश्चित की जा सकती है। बता दें, सोने की शुद्धता से ही रेट भी तय होता है।

**मेकिंग चार्ज**-गोल्ड की ज्वेलरी की खरीद पर हर दुकानदार



और स्टोर मेकिंग चार्ज लगाता है। ऐसे में जब भी आप गोल्ड की खरीददारी करने जाएं, तो मेकिंग चार्ज के बारे में जरूर पता करें। साथ ही आप मेकिंग चार्ज पर मोल-भाव भी कर सकती हैं। क्योंकि, ज्यादातर ज्वैलर मोल-भाव करने पर मेकिंग चार्ज कम कर देते हैं।

**मैन मेड या मशीन मेड**-फेस्टिवल सीजन में गोल्ड की जमकर खरीदारी होती है, इसकी वजह से प्रोडक्शन भी बढ़ जाता है। ऐसे में ज्यादातर ज्वैलरी मशीनों से तैयार की जाती है। इसलिए जब भी आप सोना खरीदने जाएं तो ज्वेलर से जरूर पूछें कि यह मैन मेड है या मशीन मेड। क्योंकि मशीन से बनी ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज कम होता है।

**वजन जरूर चेक करें**-भारत में ज्यादातर वजन के अनुसार ही गोल्ड ज्वेलरी बेचा जाता है। ज्यादा वजन की ज्वेलरी की कीमत भी ज्यादा होती है और अगर ज्वैलरी में डायमंड या अन्य कीमती स्टोन लगे हैं तो यह बढ़ जाती है। अक्सर, ज्वैलर स्टोन्स के साथ ही ज्वेलरी का वजन करते हैं। ऐसे में जब भी ज्वैलरी खरीदें, तो इस बात को याद रखें कि स्टोन की वजह से आप उस गोल्ड की कीमत दे रही हैं, जो मौजूद भी नहीं है।

---

## घर के सामने मदार का पेड़ शुभ या अशुभ?

हिंदू धर्म में मदार का पेड़ बेहद महत्वपूर्ण पौधा माना जाता है। इसे विभिन्न नामों से भी जाना जाता है। अब ऐसे में क्या घर के सामने मदार का पेड़ होना शुभ या अशुभ। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

सनातन धर्म में मदार के पेड़ का संबंध भगवान शिव से है। भोलेनाथ की पूजा में इस फूल का विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस फूल को अर्पित किए बिना पूजा संपन्न नहीं मानी जाती है। वहीं मदार के पेड़ को विभिन्न नामों से जाना जाता है।

अर्क, अकं, मदर, और आक शामिल है। इसे शिव जी का प्रिय पुष्प माना जाता है। पुराणों और अन्य धार्मिक ग्रंथों में मदार का पेड़ कई बार वर्णित किया गया है। इसे अशुभ शक्तियों को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा लाने वाला माना जाता है। इतना ही नहीं, मदार के बीज, पत्ते और दूध का उपयोग तंत्र-मंत्र के अनुष्ठानों में किया जाता है। इसे शक्तिशाली माना जाता है और कई प्रकार के जादू-टोने में इसका उपयोग किया जाता है। अब ऐसे में मदार का पेड़ घर के सामने होना शुभ है या अशुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं।

### मदार का पेड़ घर के सामने होना शुभ या अशुभ

मदार का पेड़ भूलकर भी घर के सामने नहीं होना चाहिए। वैसे तो इसे शुभ माना जाता है। लेकिन इस पेड़ का घर के सामने होने से व्यक्ति को अशुभता और असफलताओं का सामना करना पड़ सकता है। मदार का पेड़ नकारात्मकता से भी जोड़ा जाता है। इस पेड़ को घर के सामने लगाने से व्यक्ति के घर में कभी भी सुख-शांति का वास नहीं होता है। साथ ही अशुभ परिणाम भी मिलने लग जाते हैं।


## नवरात्रि में बुझने लगे ज्योत तो क्या करें?



03 अक्तूबर से शारदीय नवरात्रि शुरू होने जा रही है। इसी दिन कलश स्थापना भी होगी। नवरात्रि का यह शुभ उत्सव पूरे 10 दिन तक पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि पूरे नौ दिन का व्रत रखते हैं वह घर में अखंड ज्योति प्रज्वलित करते हैं। इसके बिना पूजा की शुरुआत अधूरी मानी जाती है। अक्तूबर से शारदीय नवरात्रि शुरू होने जा रही है। इसी दिन कलश स्थापना भी होगी। नवरात्रि का यह शुभ उत्सव पूरे 10 दिन तक पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा श्रद्धा भाव से लोग करते हैं। जो साधक नवरात्रि पूरे नौ दिन का व्रत रखते हैं वह घर में अखंड ज्योति प्रज्वलित करते हैं। इसके बिना पूजा की शुरुआत अधूरी मानी जाती है। प्रथम दिन कलश स्थापना के बाद अखंड ज्योति जरूर जलानी चाहिए। आइए जानते हैं अखंड ज्योति जलाने के नियम और महत्व क्या हैं।

### अखंड ज्योति जलाने का महत्व

ज्योतिष एवं वास्तु के अनुसार, नवरात्रि के दौरान अखंड ज्योति जलाने से जीवन और मन में व्याप्त अंधकार दूर हो सकता है। इसे जीवन से अंधकार दूर करने का प्रतीक माना जाता है। अगर आप घर में मां दुर्गा की मूर्ति रखकर पूजा करना चाहते हैं तो अखंड ज्योति अवश्य जलाएं और यह ज्योति पूरे नौ दिनों तक जलनी चाहिए। यदि यह बीच में ही बुझ जाए तो अशुभ माना जाता है।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बेवर्ली हिल्स कॉप' के प्यारे पुलिस जासूस अभिनेता जॉन एश्टन नहीं रहे

जॉन एश्टन का कोलोराडो के फोर्ट कॉलिन्स में निधन हो गया। उनके परिवार ने रविवार को एश्टन के मैनेजर एलन सोमर्स द्वारा जारी एक बयान में इसकी घोषणा की। मौत का कोई कारण तुरंत पता नहीं चल पाया। 50 से अधिक वर्षों के करियर में जॉन एश्टन 'मिडनाइट रन', 'लिटिल बिग लीग' और 'गॉन बेबी गॉन' सहित टीवी शोज और फिल्मों का चेहरा बने। उन्होंने 'बेवर्ली हिल्स कॉप' फिल्मों में कर्कश, लेकिन प्यारे पुलिस जासूस जॉन टैगार्ट की यादगार भूमिका निभाई थी। वे लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 'बेवर्ली हिल्स कॉप' फिल्मों में जॉन एश्टन ने एक अमिट तिकड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा निभाया। हालांकि, एडी मर्फी का एक्सल फोले, लॉस एंजिल्स में एक मामले की जांच करने वाला डेट्रायट जासूस, मुख्य भूमिका में था, लेकिन दो स्थानीय जासूस - बिली रोजवुड (जज रेनहोल्ड) और एश्टन का टैगगार्ट- एक्सल के कभी अनिच्छुक, कभी उत्सुक सहयोगी थे। 'बेवर्ली हिल्स कॉप' तीनों में से टैगगार्ट, बिली के लिए 'सार्ज'- अधिक भयभीत, नियम-कायदे से चलने वाला जासूस था, लेकिन उसे नियमित रूप से एक्सल की योजनाओं में शामिल किया जाता था। जॉन एश्टन ने 1984 की मूल फिल्म से शुरू होकर पहली दो फिल्मों में सह-अभिनय किया और इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई नेटफ्लिक्स रीबूट, 'बेवर्ली हिल्स कॉपः एक्सल एफ' के लिए वापस लौटे। जॉन एश्टन ने मार्टिन ब्रेस्ट की 1988 की मित्र कॉमेडी 'मिडनाइट रन' में एक अधिक बेईमान का किरदार निभाया था। वह प्रतिद्वंद्वी इनाम शिकारी भी था, जो 'द ड्यूक' में चार्ल्स ग्रोडिन के वांछित एकाउंटेंट का पीछा करता है। जबकि वह रॉबर्ट डी नीरो के जैक वॉल्श की हिरासत में है।



जॉन एश्टन के परिवार में उनकी पत्नी, रॉबिन होये, दो बच्चे, तीन सौतेले बच्चे, एक पोता, दो बहनें और एक भाई हैं।

### टॉलीवुड

## नानी की फिल्म में हुई खूबसूरत अभिनेत्री की एंट्री! 'रॉकी भाई' के साथ पर्दे पर जम चुकी है जोड़ी

अभिनेता नानी तमिल सिनेमा का एक प्रमुख चेहरा हैं। अपनी अदाकारी से वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। मुश्किल से मुश्किल किरदार को आसानी से निभाने की कला की वजह से प्रशंसक उन्हें प्यार से नेचुरल स्टार कहते हैं। वह इन दिनों अपनी फिल्म फिल्म सारिपोधा सानिवारम की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने सूर्या नाम के शख्स का किरदार निभाया है। इस फिल्म के बाद नानी ने कोई ब्रेक नहीं लिया है और अब अपनी आगामी फिल्म हिट द थर्ड केस की शूटिंग में जुट गए हैं। शैलेश कोलानू के निर्देशिन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल विजाग में चल रही है। ताजा चर्चा यह है कि केजीएफ में अपनी भूमिका से लोगों पर अपनी अदाकारी की गहरी छाप छोड़ने वाली श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सिद्धू जोनालागड्डा अभिनीत तेलुसु काडा के बाद यह उनकी दूसरी तेलुगु फिल्म है। हिट 3 का निर्माण प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा वॉल पोस्टर सिनेमा के तहत, यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर किया जा रहा है।



### भोजपुरी

## 'बधाई देबे अईबा ना' का ट्रेलर जारी, घर में शादी और मचा बवाल

'बधाई देबे अईबा ना' नई भोजपुरी मूवी है, जिसका ट्रेलर 1 अक्टूबर को रिलीज कर दिया गया है। बड़े ही धूमधाम से घर में ब्याह ठनता है, लड़का और लड़की खुश हैं। घरवाले भी खुश हैं। लेकिन रिश्तेदारों ने हंगामा मचा दिया। और आखिरी में जो होता है, वो दिन किसी दुल्हन को ना देखना पड़े। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि लड़के वाले, लड़की वालों के घर पहुंचते हैं। दोनों इस रिश्ते के लिए हां बोलते हैं। मुहूर्त के हिसाब से शादी 6 दिन बाद की ठनती है। रिश्तेदारों का आना-जाना शुरू हो जाता है, लेकिन आपसी कलह के कारण घर में कलेश मचने लगता है। इस फिल्म का 4 मिनट का ट्रेलर आपको रुला देगा। आपके रोंगटे भी खड़े हो जाएंगे, जब हीरोइन कहती है कि जिस घर में पले-बढ़े, उसे हमेशा के लिए छोड़कर दूसरे के घर जाना होगा। ये अहसास बहुत अलग और दिल को चीर देने वाला है। इस फिल्म में सितारों की फौज है। अंशुमान सिंह राजपूत, प्रीती शुक्ला, अमित शुक्ला, मनोज टाइगर, श्रद्धा नवल, प्रकाश जैस, रिंकू भारती, श्वेता वर्मा, सोनिया मिश्रा, महेश आचार्य, जे पी सिंह, संतोष श्रीवास्तव, उमाकांत राय और अन्य सितारे नजर आएंगे। म्यूजिक भी शानदार है। इस फिल्म का निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है। मिकी जे मेयर इस एक्शन ड्रामा के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। इस फिल्म को अगले साल रिलीज करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।






## डोलता फैशन

नौजवानों का फैशन एक अलग रंग लिए हुए होता है। वर्जीनिया की लिबर्टी यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मूल के स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट ऑफ अफ्रीकन डिसेंट (असद) के बैनर तले विविध गतिविधियां आयोजित करते रहते हैं। यह फैशन शो भी उसी कड़ी का हिस्सा है। कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और मॉडल कोच एंजेल उडोफिया कहती हैं, ₹हम मूल रूप से ₹असद₹ खाते, सोते और सांस लेते हैं।₹ उडोफिया, रॉनी गेमॉन और कैमरन फिट्ज़पैट्रिक के साथ 20 से अधिक नए मॉडलों ने इस शो में अपनी प्रस्तुति दी।

## गंदगी के कारण काले पैर ऐसे करें साफ

अक्सर महिलाएं अपने पैरों की सफाई पर खास ध्यान नहीं देती है इसके कारण पैरों का रंग काला पड़ जाता है उसके कारण यह देखने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगते हैं विटामिन सी से भरपूर फूड्स का इस्तेमाल स्किन व्हाइटनिंग के लिए किया जा सकता है। इन फूड में सिट्रिक एसिड पाया जाता है। यह नेचुरल एक्सफोलिएंट के रूप में काम करता है।

अगर आपके पैरों का रंग काला पड़ गया है, तो आप इस समस्या से निजात पाने के लिए संतरे के रस का उपयोग कर सकती हैं। इस जूस से पैरों को साफ-सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें। अब रूई की मदद से रस को पूरे पैरों पर लगाएं।करीब आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से पैरों को धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि हफ्ते में केवल एक बार पैरों पर इस रस का इस्तेमाल करें। आप चाहें, तो ऑरेंज पील पाउडर में प्लेन योगर्ट मिलाकर भी पैरों पर लगा सकती हैं। जब यह पेस्ट सूख जाए, तब करीब 10 मिनट बाद अपने पैरों को अच्छे से साफ कर लें।

हफ्ते में दो बार इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से आपके पैरों का रंग साफ होने लगेगा। पेडीक्योर ट्रीटमेंट के लिए पार्लर जाना जरूरी नहीं है, क्योंकि किचन में मौजूद कुछ चीजों की मदद से आप घर बैठे आसानी से पैरों को साफ कर सकती हैं। इसके लिए दूध, नीम और एलोवेरा जेल जैसी नेचुरल चीजें फायदेमंद होती हैं। फुट सोक करना भी जरूरी है। इसके लिए आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर पैरों को साफ कर सकती हैं। हफ्ते में एक बार फुट सोक करें। इससे डेड स्किन रिमूव हो जाती है और पैरों को आराम भी मिलता है। नहाते वक्त केवल चेहरे पर ही नहीं बल्कि पैरों को भी अच्छे से साफ करना चाहिए।



## साड़ियों के कुछ खास डिजाइन करें अपनी वार्डरोब में शामिल




साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ ट्रेंड नहीं होता है और इसके डिजाइन भी आपको कई तरीके में देखने को आसानी से मिल जाएंगे। वहीं बदलते दौर में आजकल साड़ी को ड्रेप करने के भी कई नए तरीके आ गए हैं, लेकिन एक उम्र के बाद हम साड़ी को पहनने के लिए 2 से 3 तरह के स्टाइल ही फॉलो करना पसंद करते हैं।

वहीं आगे नवरात्रि के बाद दशहरा और दीवाली और फिर करवाचौथ का त्यौहार आने वाला है और इस दिन अक्सर हम साड़ी को ही पहनना पसंद करते हैं। ऐसे फेस्टिवल सीजन में साड़ी के कुछ खास डिजाइंस जो खासकर 50 वर्षीय उम्र वालों के लिए बेहद खास है। बता दें कि इन साड़ी लुक को स्टाइल करने के बाद आप 50 की जगह 30 साल की नजर आएंगी।



### पटोला साड़ी डिजाइन

इस तरीके की साड़ी बिल्कुल भी वजनदार नहीं होती है। वहीं इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर डी संस द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरीके की साड़ी के साथ आप गोल्डन कलर या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रेप सिल्क साड़ी डिजाइन

सिल्क साड़ी में आपको कई वैरायटी की अलग-अलग साड़ियां आसानी से मिल जाएगी। बगता दें कि इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर गीतिका कनुमिल्ली द्वारा डिजाइन किया गया है इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 2000 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक के साथ आप मेसी हेयर बन बनाकर उसे ताजे गुलान की मदद से अपने बालों को आकर्षक बना सकती हैं।

### बॉर्डर वर्क साड़ी डिजाइन

हरा रंग करवाचौथ के लिए बेहद खास होता है। वहीं इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर अनीता डोंगरे द्वारा डिजाइन किया गया है।

## ऑफिस पार्टी में खूबसूरत दिखना है तो आसान टिप्स से संवारें आंखों को

ऑफिस में अलग-अलग मौके पर होने वाली पार्टी का इंतजार हर स्टाफ करता है। किसी को पार्टी में गेम, डांस करना पसंद होता है तो किसी को पसंद होता है स्टाइल दिखाना। आजकल हर कोई ट्राई करना है नए फैशन ट्रेंड के हिसाब से तैयार होना। इसके लिए कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जो अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप पर भी खास ध्यान देती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे उनका लुक परफेक्ट लगता है साथ ही वो सबसे ज्यादा खूबसूरत नजर आती हैं। ऐसे में आप इस बार दिवाली पार्टी पर इन टिप्स की मदद से ट्राई करें ये आई मेकअप। इसे क्रिएट करने के बाद आपका लुक पूरी तरीके से बदल जाएगा।

### आंखों पर लगाएं प्राइमर

आंखों पर मेकअप करने से पहले आपको प्राइमर का इस्तेमाल करना है। इसके लिए प्राइमर को आई लीड पर लगाएं फिर ब्लेंडर की मदद से अच्छे से ब्लेंड करें। इसे इसलिए लगाना जरूरी है ताकि आंखों का मेकअप लंबे समय तक टीका रहे। इसके लिए आप उसी शेड का प्राइमर इस्तेमाल करें। जिसे फेस पर अप्लाई करती हैं।



### ड्रेस के हिसाब से चूज करें आईशैडो

आप जिस तरीके की ड्रेस वियर कर रही हैं उसके हिसाब से अपने आईशैडो का कलर चूज करें। कोशिश करें की लुक (पार्टी मेकअप टिप्स) को सिंपल रखें। ऑफिस में न्यूट्रल कलर आई मेकअप ज्यादा अच्छा लगता है। इसके लिए आप वॉर्म कॉपर, सॉफ्ट ब्राउन वैगरह कलर को चूज कर सकती हैं। ये काफी अच्छे लगते हैं।

## बचे हुए चावलों की मदद से करें फेशियल

त्वचा का ख्याल हम सभी स्किन टेक्सचर और टाइप के हिसाब से रखते हैं। बदलते ब्यूटी ट्रेंड में आजकल कोरियन ब्यूटी प्रोडक्ट्स को अधिक ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इसमें आपको कई स्किन केयर ट्रीटमेंट भी देखने को मिल जाएंगे। त्वचा की देखभाल करने के लिए फेशियल करना बेहद जरूरी होता है। फेशियल के लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए रात के बचे हुए चावल ही आपके बहुत काम में आ जाएंगे। तो आइये जानते हैं नेचुरल तरीके से कैसे करें घर में कोरियन फेशियल-

**स्टेप 1:** सबसे पहले रात के बचे हुए उबले हुए चावलों को एक बड़े बाउल में डालें और इसमें चावल के लेवल से थोड़ा ऊपर तक में पानी मिला लें। ध्यान रहे कि इन चावलों में किसी भी तरह का तेल या मसाला न हो और यह सादे तरी उबाले गये हो। इसे 30 मिनट तक भिगोकर छोड़ दें। अब इसे छान लें और आधे चावलों को अलग बाउल में डालकर पीस लें। पीसने के बाद इसमें आप शहद डालें और दोनों को अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे चेहरे पर मसाज करते हुए लगा लें और 5 मिनट तक मसाज करके 15 मिनट तक लगा रहने दें। पानी और कॉटन की मदद से चेहरे पर लगे स्क्रब को साफ कर लें।



**स्टेप 2:** इसके बाद एक बाउल में बचे हुए आधे चावलों को डालें और इसमें एलोवेरा के पत्ते को काटकर जेल को निकाल लें। जेल को चावलों के साथ में मिला लें और चेहरे पर फेस जेल की तरह लगा लें। चेहरे पर लगाने के बाद हल्के हाथों के दबाव से 2 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद चेहरे पर 10 मिनट तक इसे लगा हुआ छोड़ें।अब कॉटन की मदद से चेहरे पर से फेस जेल को हटा लें।


**स्टेप 3:** आखिर में चावल के बचे हुए पानी को आप सीरम की तरह चेहरे पर लगा सकती हैं। यह त्वचा को जवां रखने और इनर ग्लो कोउभारने में मदद करेगा। इसके लिए राइस वाटर को एक बोतल में डालें और ड्रॉपर की मदद से इसका चेहरे पर इस्तेमाल करें।

कार्नर न्यूज

### बाजार में आसानी से मिलती हैं किराए पर लेटेस्ट डिजाइन की ब्राइडल ज्वेलरी

## किराए के जेवरातों से भी निखर उठेगी खूबसूरती लोगों की नजरें टिकी रहेंगी सिर्फ आप पर ही

*अपनी शादी में लहंगे के साथ अक्सर हम हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। लेकिन ये दोबारा इस्तेमाल में नहीं आती है। ऐसे में आप इन्हें रेंट पर ले सकती हैं। शादी की शॉपिंग के लिए दिल्ली की कई सारी मार्केट ऐसी हैं जो बेस्ट हैं। इन मार्केट में आपको हर तरह के कपड़े, ज्वेलरी, मेकअप वैगरह सामान मिल जाएगो। आप चाहे तो इन मार्केट से रेंट पर सामान भी ले सकती हैं जिन्हें शादी में पहनने के बाद वापस किया जा सकता है। इससे आपको शादी में पहनने के लिए अच्छा सामान भी मिल जाता है साथ ही आपके पैसे भी कम खर्च होते हैं।*



### करोल बाग मार्केट

अगर आप शादी में डिजाइनर और ट्रेंडी ज्वेलरी वियर करना चाहती हैं तो इसके लिए आप करोल बाग मार्केट से खरीद सकती हैं। यहां कई सारी ऐसी दुकाने हैं जहां पर आपको अच्छे डिजाइन की ज्वेलरी मिलेगी। यहां पर आप हैवी ज्वेलरी भी खरीद सकती हैं और चाहे तो वेडिंग के अन्य फंक्शन में भी इन ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। बस आपको इनका किराया देना होगा जो आपको ज्वेलरी वापस करने पर रिटर्न हो जाएगा। इसके अलावा आप इस मार्केट से लहंगा, चूड़ा, कलीरे वैगरह सामान भी ले सकती हैं।करोल बाग मार्केट सोमवार को बंद होती है।

### सदर बाजार से किराए पर लें ज्वेलरी

सदर बाजार दिल्ली में सबसे बड़ा थोक का मार्केट माना जाता है। सारे व्यापारी वहां से अपनी जरूरत का सामान खरीदकर लाते हैं और उन्हें बेचते हैं। आप चाहे तो अपनी शादी की ज्वेलरी इस मार्केट से खरीद सकती हैं। यहां पर आपको कई सारी दुकानें ऐसी मिलेंगी।

जहां से आप किराए पर ज्वेलरी खरीद सकती हैं।



कुंदन वर्क, स्टोन वर्क और मीनाकारी वर्क ज्वेलरी मिल जाएगी। इन्हें किराए पर खरीदें (मंगलसूत्र डिजाइन) और अपनी शादी में वियर करें।

यहां पर आपको 1000 रुपये रेंट देना पड़ेगा। इसके अलावा सिक्योरिटी मनी देनी होगी, जो ज्वेलरी वापस करने पर आपको मिल जाएगी। ये मार्केट रविवार को बंद होता है इसलिए इस दिन यहां न जाए। इस मार्केट से आप अन्य सामान भी खरीद सकती हैं जो शादी में काम आएगी।